हरिभूमि

# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 13 दिसंबर 2025

04 आपसी स्नेह व वात्सल्य समय की आवश्यकता...



07 मुनिश्री के आगमन की थीम पर पिच्छिकाएं समारोह...





## समाचार संक्षेप

### 69वीं राष्ट्रीय शालेय प्रतियोगिता (बॉक्सिंग) की तैयारियों को लेकर बैठक सम्पन्न

**गुना।** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल की अध्यक्षता में 69वीं राष्ट्रीय शालेय खेल प्रतियोगिता (बॉक्सिंग) के आयोजन की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में बताया गया कि प्रतियोगिता 26 दिसंबर से 31 दिसंबर तक आयोजित की जाएगी, जिसमें कुल 11 अलग-अलग कैटेगरी में बॉक्सिंग स्पर्धाएँ होंगी।कलेक्टर श्री कन्याल ने आयोजन से जुड़े सभी विभागों को समन्वयपूर्ण तथा गुणवत्तापूर्ण व्यवस्थाएँ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने पार्किंग प्रबंधन, पुलिस व्यवस्था, आवागमन नियंत्रण तथा विभिन्न राज्यों से आने वाले विद्यार्थियों के लिए सुचारू व्यवस्था पर विशेष जोर दिया।बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को गुना शहर के प्रमुख दर्शनीय स्थलों बजरंगगढ़ किला, हनुमान टेकरी, तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों का भ्रमण भी कराया जाएगा, ताकि वे जिले की सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक विशेषताओं से परिचित हो सकें।प्रतिभागियों के स्वागत तथा पुरस्कार वितरण की रूपरेखा पर भी विस्तृत चर्चा की गई। कलेक्टर ने कहा कि जिले में होने वाली यह राष्ट्रीय प्रतियोगिता गुना के लिए गौरव का अवसर है, इसलिए सभी तैयारियाँ उत्कृष्ट स्तर पर की जाएँ।बैठक में सीईओ जिला पंचायत अभिषेक दुबे, जिला शिक्षा अधिकारी राजेश गोयल सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### आज आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में विद्युत प्रकरणों के निराकरण में उपभोक्ताओं को मिलेगी छूट

**गुना ।** राज्य शासन द्वारा निर्णय लिया गया है कि विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के अंतर्गत न्यायालयों में लंबित प्रकरणों के निराकरणों के लिये दिनांक 13 दिसम्बर 2025 शनिवार को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में लंबित प्रकरणों में निम्नदाब श्रेणी के समस्त घरेलु समस्त कृषि, 5 किलोवाट भार तक के गैर घरेलु एवं 10 अश्वशक्ति भार तक के औद्योगिक उपभोक्ताओं को छूट दी जावेगी।प्री लिटिगेशन स्तर परकंपनी द्वारा आकलित सिविल दायित्व की राशि पर 30 प्रतिशत एवं आकलित राशि के भुगतान में चूक किये जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिवस की अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रत्येक छः माही चक्रवृद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत की छूट दी जावेगी।लिटिगेशन स्तर पर कंपनी द्वारा आकलित सिविल दायित्व की राशि पर 20 प्रतिशत एवं आकलित राशि के भुगतान में चूक किये जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिवस की अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रत्येक छः माही चक्रवृद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत की छूट दी जावेगी।

### कॉन्फ्रेंस:आईएएस संतोष वर्मा के खिलाफ सरकार की कार्रवाई पर सवर्ण आर्मी ने किया समर्थन

**गुना।** सवर्ण आर्मी के जिला अध्यक्ष विक्रम सिंह तोमर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि 26 नवंबर को सवर्ण आर्मी ने आई ए एस संतोष वर्मा के द्वारा ब्राह्मण समाज की बेटियों पर जो अभद्र टिप्पणी की गई थी उसके खिलाफ हनुमान



चौराहे पर पुतला जलाया गया था एवं रैली निकालकर कलेक्टर को राष्ट्रपति व प्रदेश के मुख्यमंत्री और राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौपा था। इसके बाद मध्य प्रदेश शासन के मुख्य सचिव अनुराग जैन को भी ईमेल किया गया था और कठोर कार्रवाई की मांग की गई थी जिसके परिणाम स्वरूप 5 दिसंबर को मध्य प्रदेश के प्रमुख सचिव अनुराग जैन ने अपर सेक्रेटरी संतोष कॉल को ईमेल किया उन्होंने संजय शुक्ला प्रिंसिपल सेक्रेटरी सामान्य प्रशासन विभाग को ईमेल किया और सूचनार्थ सवर्ण आर्मी के जिला अध्यक्ष विक्रम सिंह तोमर को भी ई मेलकिया । इस ज्ञापन में मांग की गई थी की 1968 एवं 1988 सिविल सर्विस एक्ट के लिए अनुसार यदि कोई अधिकारी अपने पद का दुरुपयोग करता है कदाचार करता है तो उसके खिलाफ हम विभागीय जांच की मांग करते हैं और इन्हें उनके पद से बर्खास्त किया जाए। सवर्ण आर्मी के जिला अध्यक्ष विक्रम सिंह तोमर ने मध्य प्रदेश शासन की इस कार्रवाई का स्वागत किया है इससे समाज में एक कड़ा सन्देश जायगा।

मंदिर में आपत्तिजनक वीडियो प्रकरणः आरोपी दंपति गिरफ्तार

## बीसभुजा देवी मंदिर परिसर में सुरक्षा के पुख्ता इंतज़ाम, गार्ड तैनात

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

बजरंगगढ़ स्थित प्राचीन माँ बीस भुजा देवी मंदिर परिसर में आपत्तिजनक वीडियो बनाए जाने की घटना सामने आने के बाद पूरे क्षेत्र में आक्रोश फैल गया था। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर आरोपी दंपति को गिरफ्तार कर लिया है। घटना के वायरल होने के बाद धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों ने कड़ी निंदा की और तत्काल गिरफ्तारी की मांग उठाई थी। पुलिस ने संवेदनशील मामले में तत्परता दिखाते हुए आरोपियों को हिरासत में लेकर लोगों की आस्था को आघात पहुंचाने वाले कृत्य पर सख्त कदम उठाया। घटना के बाद विभिन्न संगठनों ने मंदिर परिसर की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चिंता व्यक्त की है। उनका कहना है कि भविष्य में ऐसी निंदनीय घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए पुख्ता सुरक्षा इंतज़ाम आवश्यक हैं।इसी क्रम में

**सुरक्षा गार्ड को मासिक वेतनमान मानव सेवा समिति के राजेंद्र गुरु जी के द्वारा ट्रस्ट की ओर से दिया जाएगा**



मानव सेवा समिति 'तेरी कृपा मां तेरी दया' के श्री राजेंद्र गुरुजी के निर्देशन में मंदिर परिसर में एक सुरक्षा गार्ड तैनात किया गया है। गार्ड प्रतिदिन 8 घंटे ड्यूटी करेगा और असामाजिक तत्वों पर नजर रखेगा। मंदिर प्रांगण में एक सुरक्षा कर्मी तेरी कृपा मां तेरी दया मानव सेवा समिति ट्रस्ट की ओर से सेवाएं देगा जिसकी मासिक वेतनमान राजेंद्र गुरु जी के द्वारा ट्रस्ट की ओर से दिया जाएगा जो भी सुरक्षा कर्मी रहेगा वह एजेंसी का कर्मचारी रहेगा और वह ड्रेस कोड के साथ अपनी सेवाएं देगा तथा आपत्ति जनक लोगों को आगे घटना की पुनरावृत्ति ना हो इसे रोकने के लिए एक सराहनीय कदम है। समिति ने साफ किया है कि संदिग्ध गतिविधियों में शामिल व्यक्तियों को परिसर में प्रवेश नहीं दिया जाएगा।स्थानीय लोगों का मानना है कि यह कदम मंदिर की सुरक्षा और श्रद्धालुओं की आस्था की रक्षा के लिए महत्त्वपूर्ण साबित होगा।

1.608 किग्रा अफीम व तस्करी में प्रयुक्त कार सहित कुल 31 लाख का माल जब्त

# क्रेटा कार में अफीम तस्करी करते तीन अंतर्राज्यीय तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना



गुना पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी गुना जिले को नशा मुक्त जिला बनाने के लिये लगातार प्रयासरत हैं और इसके लिए उनके द्वारा जिले में अवैध मादक पदार्थों के क्रय-बिक्रय व तस्करी में संलिप्त माफियाओं, कारोबारियों, तस्करों आदि पर सतत निगरानी रखने और कोई भी अवैध गतिविधि के परिलक्षित होने पर सख्त कार्यवाही हेतु लगातार निर्देश प्रदान किए जा रहे हैं । पुलिस अधीक्षक के स्पष्ट निर्देशों के अनुपालन में गुना पुलिस द्वारा जिले में नशे के अवैध कारोवारियों, माफियाओं, तस्करों आदि पर कठोर कार्यवाहियां कर उन्हें धरासायी किया जा रहा है ।

जिले के मृगवास थाना प्रभारी उपनिरीक्षक गोपाल चौबे और उनकी टीम द्वारा राजस्थान तरफ से अवैध मादक पदार्थ अफीम तस्करी की पुख्ता सूचना पर त्वरित और प्रभावी कार्यवाही की गई है । 11 दिसंबर 2025 की रात में मृगवास थाना पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक क्रेटा कार क्रमांक MP14 ZH 3584 से तीन व्यक्ति अफीम लेकर छबड़ा से बड़ौद के रास्ते राघौगढ़ की ओर जाने वाले हैं । जिले में अफीम तस्करी की इस सूचना को पुलिस ने गंभीरता से लिया और तस्करों की धरपकड़ हेतु तत्काल सानई पुलिस चौकी से पुलिस की एक टीम रवाना होकर संदिग्धों की तलाश में बड़ौद रोड़ पर पहुंची, जिनकी तलाश के दौरान ग्राम कड़ैयाकला में आंकखेड़ी गांव की पुलिया के पास पुलिस को उक्त संदिग्ध कार दिखाई दी, पुलिस को देखते ही कार चालक ने पुलिस वाहन को एकदम से कट मारते हुए कार को भगाने का प्रयास किया, किन्तु पुलिस फोर्स द्वारा कार का पीछा और घेराबंदी करते हुए बमुश्किल कार को रोक लिया गया, कार में तीन लोग सबार थे, जिन्हें हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर उनके द्वारा अपने नाम 1-लोकेन्द्र उर्फ गोलू पुत्र जीवनलाल रजक उम्र 28 साल निवासी दलौदा जिला मंदसौर, 2-दरबार सिंह पुत्र शैतान सिंह राजपूत उम्र 20 साल निवासी ग्राम मौकमपुर थाना हथुनिया जिला प्रतापगढ़ राजस्थान एवं 3-दिनेश पुत्र विष्णुलाल पाटीदार उम्र 38 साल निवासी ग्राम आकोदड़ा थाना भावगढ़ जिला मंदसौर के होना बताए । मुखिबर सूचना के आधार पर जिनकी विधिवत तलाशी लेने पर उनके पास से कुल 01 किलो 608 ग्राम अवैध अफीम बरामद हुई । आरोपियों से बरामद अफीम कीमती 16 लाख रुपये एवं इसकी तस्करी में प्रयुक्त क्रेटा कार कीमती 15 लाख रुपये सहित कुल 31 लाख रुपये का मसरुका पुलिस ने विधिवत जप्त कर आरोपियों को गिरफ्तार किया और जिनके विरुद्ध मृगवास थाने में अपराध क्रमांक 182/25, धारा 8/18 एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है । आरोपियों के नशा तस्करी के अन्य नेटवर्क और स्त्रोतों के संबंध में जानकारी जुटाने के लिए पुलिस जांच जारी है । प्रारंभिक जांच से ज्ञात हुआ कि आरोपी दिनेश पाटीदार नशा तस्करी में पूर्व से लिप्त होकर चित्तौढ़गढ़ जिले के थाना कोतवाली निम्वाहेड़ा के अपराध क्रमांक 496/25 धारा 8/22, 29 एनडीपीएस एक्ट में फरार चल रहा था, जिसकी कोतवाली निम्वाहेड़ा पुलिस द्वारा लगातार तलाश की जा रही थी एवं प्रकरण में जिसकी गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक चित्तौगढ़ की ओर से 10,000/-रूपये इनाम भी उदघोषित है । गुना पुलिस की आमजन से अपील है कि जिले को नशा मुक्त जिला बनाने में सहभागी बनें एवं किसी भी प्रकार के मादक पदार्थों की अवैध तस्करी या क्रय-विक्रय की सूचना तुरंत पुलिस को दें । आपकी छोटी सी जानकारी कई युवा जीवन बचा सकती है । नशे के विरूद्ध मृगवास थाना पुलिस की इस उल्लेखनीय कार्यवाही में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक गोपाल चौबे, सानई चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक नीरज लोधी, बांसाहेड़ा चौकी प्रभारी सउनि जगदीश जाटव, सउनि राजेश कुमार भिलाला, आरक्षक सोहन अनारे, आरक्षक राहुल बघेल, आरक्षक रवि चौहान, आरक्षक अमर सिंह रावत, आरक्षक रामवीर रघुवंशी, आरक्षक धीरेन्द्र बघेल, आरक्षक जितेन्द यादव, आरक्षक रवि दयाल, आरक्षक संदीप एवं सायबर सेल से आरक्षक कुलदीप यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही है । इस टीम की सतर्कता, साहस, और दक्षता के परिणाम स्वरूप ही नशे के विरूद्ध यह महत्वपूर्ण सफलता संभव हो पाई है ।

## ट्रेन में से यात्री का लैपटॉप और मोबाइल पार, नींद का फायदा उठाकर ले उड़ा बैग



हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जोधपुर से भोपाल की यात्रा कर रहे एक दंपत्ति के साथ ट्रेन में चोरी की वारदात सामने आई है। अज्ञात बदमाश ने यात्री के सोने का फायदा उठाकर सीट पर रखा बैग पार कर दिया, जिसमें कीमती लैपटॉप और मोबाइल फोन रखा था। मामले में जीआरपी ने शून्य पर प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। रूठियाई आने से पहले हुई वारदात फरियादी विवेक स्वरूप मीणा निवासी सीहोर ने बताया कि वह अपनी पत्नी के साथ ट्रेन नंबर 14813 के कोच एस-3 में यात्रा कर रहा था। रात करीब 2:30 बजे जब रूठियाई स्टेशन के पास उसकी नींद खुली, तो उसने पाया कि सीट पर रखा एचपी कंपनी का लैपटॉप बैग गायब था। काफी तलाश करने के बाद भी बैग का पता नहीं चला।

36 हजार का सामान ले गया चोरबैग में 30 हजार रुपये का लैपटॉप, 6 हजार रुपये का मोबाइल, एसबीआई की पासबुक, चेकबुक, एटीएम और कपड़े रखे थे। कुल 36 हजार रुपये के माल पर अज्ञात बदमाश ने हाथ साफ कर दिया। जीआरपी भोपाल में प्राथमिक रिपोर्ट के बाद अब डायरी असल कायमी हेतु संबंधित थाने को भेजी गई है।

### दिनदहाड़े बस ऑफिस के बाहर से बाइक पार, सीसीटीव्ही में कैद हुई पूरी वारदात

**गुना ।** शहर में कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। बदमाश अब दिनदहाड़े भीड़भाड़ वाले इलाकों में भी वारदात करने से नहीं हिचक रहे हैं। ताज़ा मामला शुक्रवार दोपहर सिटी कोतवाली क्षेत्र का है, जहाँ शातिर चोर ने एक युवक की बाइक पर हाथ साफ कर दिया। चोरी की यह पूरी वारदात वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसमें आरोपी साफ तौर पर बाइक ले जाते दिख रहा है।

## कलेक्ट्रेट कार्यालय में भूकंप आपदा में बचाव कार्य पर संयुक्त मॉक अभ्यास का किया गया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना




कलेक्ट्रेट कार्यालय गुना में शुक्रवार को भूकंप आपदा की संभावित परिस्थितियों से निपटने के लिए संयुक्त मॉक अभ्यास आयोजित किया गया। जिसमें 11वीं वाहिनी एनडीआरएफ के उपमहानिरीक्षक मनोज कुमार शर्मा के कुशल दिशा निर्देशन में एनडीआरएफ लखनऊ टीम एवं गुना की एसडीआरएफ, फायर विभाग, पीडब्लूडी, जिला पुलिस, स्वास्थ्य विभागऔर रेडक्रास की टीमों द्वारा किसी भी प्रकार की भूकंप एवं फायर आपदा होने पर खोज, राहत व बचाव कार्य के लिये मॉंक का संयुक्त अभ्यास किया गया। अभ्यास का मुख्य उद्देश्य घायल एवं चोटिल व्यक्तियों को अमूल्य जीवन की रक्षा करना, सभी रेस्पॉंस एजेंसियों का रेस्पोंस चेक करना व सभी स्टेक होल्डरस के बीच आपसी समन्वय स्थापित करना है। इस माँक अभ्यास द्वारा खोज, राहत व बचाव कार्य के संचालन में आने वाली कमियों की समीक्षा कर उन्हें दूर करना भी हैाइस माँक अभ्यास के प्रथम चरण में एनडीआरएफ अधिकारियों, एसडीआरएफ, पीडब्ल्यूडी, जिला पुलिस, स्वास्थ्य विभाग द्वारा बैठक कर इस माँक अभ्यास की सम्पूर्ण रूप रेखा तैयार की गयीI इस माँक अभ्यास का सम्पूर्ण नेतृत्व एनडीआरएफ लखनऊ के सहायक कमांडेंट एसए. सिकंदर एवं टीम कमांडर निरीक्षक राम सिंह द्वारा किया गयाI सहायक कमांडेंट एस ए. सिकंदर ने बताया कि आपसी समन्वय से सकारात्मक पहल व सशक्त रिस्पोंस सिस्टम को विकसित करने से इस तरह की भूकंप जैसी आपदाओं में होने वाली दुर्घटनाओं से आसानी से निपटा जा सके और समय-समय पर इस तरह के माँक अभ्यास द्वारा महत्वपूर्ण जीवन की रक्षा की जा सकेगी।मॉक अभ्यास के दौरान कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल,अपर कलेक्टर अखिलेश जैन, संयुक्त कलेक्टर डॉ. संजीव खेमरिया, एनडीआरएफ के टीम कमांडर निरीक्षक राम सिंह एवं निरीक्षक अजय सिंह यादव सहित 30 सदस्य टीम एवं अन्य संस्थाओ के प्रतिनिधि मौजूद रहो

## संजू और बाबा साहब की मुकालात सियासी गलियारों में सुगबुगाहट

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

गुना सहित प्रदेश की राजनीतिक गलियारों में उस वक्त हलचल तेज हो गई, जब गुना जिले के दो कद्दावर और धुर विरोधी चेहरे एक-दूसरे के गले मिलते नजर आए। मौका था गुना में आयोजित एक विवाह समारोह का, जहां बीजेपी के पूर्व पंचायत मंत्री महेंद्र सिंह सिसोदिया संजू भैया और कांग्रेस के दिग्गज नेता व राघौगढ़ विधायक जयवर्धन सिंह का आमना-सामना हुआ।सियासी गलियारों में सुगबुगाहटजैसे ही दोनों नेताओं ने गर्मजोशी से एक-दूसरे को गले लगाया, वहां मौजूद मेहमानों और कैमरों की नजरें उन्हीं पर टिक गईं। यह मेल-मिलाप इसलिए भी खास है क्योंकि ज्योतिरादित्य सिंधिया के कट्टर समर्थक महेंद्र सिंह सिसोदिया और



दिग्विजय सिंह के पुत्र जयवर्धन सिंह के बीच अक्सर तीखी बयानबाजी देखने को मिलती है। सिंधिया के कांग्रेस छोडऩे के बाद से दोनों परिवारों के बीच राजनीतिक दूरियां काफी बढ़ गई थीं। इस ₹झप्पी₹ के बाद सोशल मीडिया पर चर्चा शुरू हो गई है कि क्या यह महज एक शिष्टाचार भेंट है या गुना की राजनीति में कोई नई खिचड़ी पक रही है? राजनीति में न कोई स्थायी दुश्मन होता है और न ही दोस्त। इस मिलन ने विरोधियों के कान खड़े कर दिए हैं और समर्थकों के बीच भीतरखाने की चर्चाओं को हवा दे दी है। क्या यह मेल-मिलाप आने वाले समय में जिले के राजनीतिक समीकरणों को प्रभावित करेगा? यह तो वक्त ही बताएगा।

संभाग के विभिन्न जिलों से आए हुए प्रतिभागियों ने किया अपना श्रेष्ठतम देने का प्रयास

# संभागीय स्तरीय महिला एवं पुरुष एथलेटिक्स प्रतियोगिता का हुआ भव्य शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

उच्च शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश शासन के तत्वाधान में प्रधानमंत्री उत्कृष्ट शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वारा आयोजित तीन दिवसीय ग्वालियर चंबल संभाग की संभाग स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं का आरंभ डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी खेल प्रशाल में हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल रहे। कार्यक्रम का प्रारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुआ।



महाविद्यालय की छात्राओं ने सरस्वती वंदना की। प्रज्वलित मशाल कलेक्टर श्री कन्याल को सौंप कर प्रतियोगिताओं का औपचारिक आरंभ हुआ। स्वागत भाषण में प्राचार्य डॉ. बीके तिवारी ने सभी मचासीन अतिथियों एवं खिलाड़ियों का स्वागत करते हुए इसे गुना का गौरवशाली आयोजन बताया।मुख्य अतिथि कलेक्टर किशोर कन्याल ने खिलाड़ियों को उत्साहित करते हुए खेलों के महत्व और गुना में इस आयोजन को उपलब्धि बताते हुए कहा कि संभाग के विभिन्न जिलों से आए हुए प्रतिभागियों को अपना श्रेष्ठतम देने का प्रयास करना चाहिए।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष आशीष मंगल ने खेलों के महत्व और शारीरिक बल और कौशल के महत्व पर प्रकाश डाला। क्रीड़ा अधिकारी संचिता राठौर ने प्रतियोगिता में आयोजित खेल विधाओं की जानकारी देते हुए बताया कि पुरुष एवं महिला वर्ग की 22 विधाओं की प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में भागीदारी के लिए ग्वालियर, भिंड, मुरैना, शिवपुरी, डबरा, गुना सहित विभिन्न जिलों की टीम गुना आ चुकी हैं जिनकी संपूर्ण व्यवस्था महाविद्यालय द्वारा की जा रही है। संभाग स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता 2025 में 100 मीटर महिला एवं पुरुष दौड़, महिला एवं पुरुष शॉट पुट, 1500 मी. महिला एवं पुरुष दौड, लंबी कूद महिला एवं पुरुष, 200 मी. महिला एवं पुरुष दौड, प्रथम सत्र में आयोजित की गई। द्वितीय सत्र में चक्का थ्रो महिला एवं पुरुष, 400 मी. बाधा दौड़ महिला एवं पुरुष, 400 मी महिला एवं पुरुष दौड, 1000 मी. महिला एवं पुरुष दौड, भाला फेंक महिला एवं पुरुष, हैमर श्री महिला एवं पुरुष एवं ऊंची कूद महिला एवं पुरुष का आयोजन किया गया। जिसमें समस्त जिलों के लगभग 400 पुरुष एवं 200 महिला प्रतिभागियों ने भाग लिया।

इस अवसर पर पूर्व वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ वी पी श्रीवास्तव, डॉ. विनीता जैन, डॉ. एम के गोयल, क्रीड़ाधिकारी राजीव सक्सेना, हरवीर सिंह सहित महाविद्यालय के प्राध्यापक एवं छात्र-छात्राएं सम्मिलित रहे। एन.सी.सी. अधिकारी डॉ. मनोज भदोरिया शैलेंद्र शर्मा क्रीड़ा अधिकारी पीजी कॉलेज गुना डॉ आनंदी यादव, क्रीड़ा अधिकारी मुंगावली मनोज शुक्ला, कीड़ा अधिकारी पीजी महाविद्यालय गुना डॉ. आशीष दुबे क्रीड़ा अधिकारी राघौगढ़ चंद्रशेखर जाटव, क्रीड़ा अधिकारी अशोकनगर डॉ. माया परस्ते प्राचार्य राघौगढ़ एवं बाहर से आए सभी कोच मैनेजर एवं खिलाड़ी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। आभार डॉ. सोनेश पूनिया ने और संचालन रनीश जैन ने किया।

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

## समाचार संक्षेप

### चंदेल चिडार क्षत्रिय समाज की बैठक आयोजित

**गुना**। चंदेल चिडार क्षत्रिय समाज की बैठक मां नर्मदा जयंती जो जनवरी 2026में है के मनाने एवं विभिन्न समितियों के गठन हेतु 14 दिसंबर रविवार को दोपहर ग्यारह बजे महर्षि आश्रम बजरंगगढ़ रोड़ के सामने स्थित हनुमान मंदिर पर आयोजित की गई है समाज के अध्यक्ष नारायण लाल मैयर ने सभी समाज बंधुओं से उपस्थित होकर बैठक को सफल बनाने का आग्रह किया है।

### पोहरी विधायक को जान से मारने की धमकी देने वाले के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए दिया ज्ञापन

**गुना** । पोहरी विधायक कैलाश कुशवाह को जान से मारने एवं गाली गलौज करने वाले करने वाले के खिलाफ सख्त दंडात्मक कार्रवाई करने के संबंध में माननीय महामहिम राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री मप्र शासन के नाम कलेक्टर महोदय गुना को कुशवाह समाज गुना ने ज्ञापन दिया ।



ज्ञापन का वाचन बृजमोहन कुशवाह, एवं आभार बलवंत सिंह कुशवाह ने किया । बड़ी संख्या में कुशवाह बन्धु उपस्थित थे जिसमें रणवीर सिंह कुशवाह, नरेंद्र कुशवाह पार्षद, गोलू कुशवाह, महेश कुशवाह, पार्षद, जगदीश कुशवाह शनि मंदिर,भूपेंद्र कुशवाह, अनिल कुशवाह, सुरेश कुशवाह, नरेंद्र कुशवाह पाटई, लक्ष्मी नारायण कुशवाह, नरेंद्र कुशवाह शिक्षक, प्रदीप कुशवाह, कमलेश कुशवाह, महेन्द्र कुशवाह आरा मशीन, रामचंद्र कुशवाह, राजकुमार वकील, जगदीश कुशवाह, सुखलाल कुशवाह, जितेंद्र कुशवाह, सोनू कुशवाह, रामकृष्ण कुशवाह,सौरभ कुशवाह, विवेक कुशवाह, मानव, नरेंद्र कुशवाह तिलातिली, कृष्णा कुशवाह,दिनेश कुशवाह, गणेशराम कुशवाह, नवदीप कुशवाह आदि उपस्थित थे।

### सांसद खेल महोत्सव एवं गीता जयंती समापन समारोह की तैयारी हेतु कलेक्टर ने ली समीक्षा बैठक




**गुना** । सांसद खेल महोत्सव एवं गीता जयंती के समापन समारोह को सुव्यवस्थित और प्रभावी रूप से आयोजित करने के उद्देश्य से कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल द्वारा समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में कार्यक्रम स्थल की समग्र व्यवस्था, मंच प्रबंधन, अतिथियों के आगमन की रूपरेखा, सुरक्षा व्यवस्था तथा कार्यक्रमों के क्रमवार संचालन पर विशेष ध्यान दिया गया।इस दौरान कलेक्टर ने कहा मंच व्यवस्था आकर्षक एवं व्यवस्थित रहे, जिसमें अतिथि उद्बोधन, गीता जयंती से संबंधित शंखनाद, तिलक एवं मंत्र उच्चारण, तथा पुरस्कार वितरण जैसे प्रमुख कार्यक्रमों का संचालन समयबद्ध और मर्यादित तरीके से सुनिश्चित किया जाए। साथ ही पार्किंग व्यवस्था, दर्शक बैठने की व्यवस्था, विद्युत एवं साउंड सिस्टम, आपातकालीन आवश्यकताओं और प्रवेश–निकास प्रबंधन पर भी सख्त निगरानी रखने के निर्देश दिए।बैठक में भाजपा जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सविता गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि हरिसिंह यादव, सीईओ जिला पंचायत अभिषेक दुबे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मानसिंह ठाकुर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### विधान कार्यक्रम में 150 बालक बालिकाओं को संस्कारित किया

# आपसी स्नेह व वात्सल्य समय की आवश्यकता : मुनिश्री

हरिभूमि न्यूज ⏭राघौगढ़

धर्म परायण ऐतिहासिक नगरी राघौगढ़ में चल रहे श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान एवं विश्व शांति महायज्ञ के छठवें दिन आचार्य गुरुवर विद्यासागर जी महाराज के शिष्य मुनि निर्भीक सागर जी महाराज ने मंगल प्रवचन करते हुए कहा वर्तमान में युवा पीढ़ी पाश्चात्य संस्कृति के प्रभाव में परिवार एवं रिश्तेदारियों को भूलती जा रही है।

आपने कहा युवा पीढ़ी स्वच्छंद हो जाने से भारतीय प्राचीन संस्कृति एवं संस्कारों का हनन हो रहा है। मुनिराज ने कहा युवा पीढ़ी को सबसे ज्यादा पथभ्रष्ट मोबाइल एवं सोशल मीडिया कर रही है। अपने आव्हान किया कि हमें भारतीय संस्कृति एवं संस्कारों की रक्षा करने के लिए युवा पीढ़ी को सद् मार्ग पर लाने के लिए प्रेरित करने की आवश्यकता है। मोबाइल के कारण छोटे-छोटे बच्चे पढ़ाई भूलकर मोबाइल में ही व्यस्त रह रहे हैं। हमें मोबाइल का सदुपयोग करना चाहिए। मोबाइल का दुरुपयोग नहीं करना चाहिए। आपने कहा आपसी स्नेह एवं वात्सल्य समय की आवश्यकता है। गत रात्रि विधान



महोत्सव के पंडाल में विधानाचार्य बाल ब्रह्मचारी पंडित संजीव भैया जी ने जैन समाज राघौगढ़ के 150 बच्चों को संस्कार महोत्सव के माध्यम से सुसंस्कारित किया।

उन्हें संकल्प दिलाया कि प्रतिदिन जैन मंदिर के दर्शन करेंगे, पानी छानकर पियेंगे, रात्री भोजन नहीं करेंगे, माता-पिता की आज्ञा का पालन करेंगे एवं वृद्धावस्था में माता-पिता की सेवा करेंगे। विजातीय विवाह एवं प्रेम विवाह नहीं करेंगे। बालक बालिकाओं को स्वस्थ रहने के लिए व्यायाम का भी अभ्यास कराया। संस्कार महोत्सव में प्रतिभास्थली इंदौर से पधारी बाल ब्रह्मचारी नीलम दीदी ने भी बालक बालिकाओं को पथभ्रष्ट एवं संस्कारविहीन नहीं होने के कुछ मुख्य बिंदु बताये।

भारतीय जैन मिलन के राष्ट्रीय संरक्षक एवं जैन समाज ट्रस्ट कमेटी के मार्गदर्शक मंडल के सदस्य विजय कुमार जैन ने बताया है विधान के छठवें दिन प्रातः 7:00 बजे से अभिषेक शांति धारा एवं समुच्चय पूजन हुई तत्पश्चात पंच परमेष्ठी भगवान को सिद्ध चक्र मंडल विधान के माध्यम से 524 अर्घ भक्ति भाव से अर्पित किए गए। दोपहर 2:30 बजे से बाल ब्रह्मचारी संजीव भैया जी के निर्देशन में सामूहिक श्री शांतिनाथ विधान का आयोजन हुआ। शाम 5:15 बजे मुनि संघ के सानिध्य में आचार्य भक्ति हुई रात्री 7:30 बजे सामूहिक आरती हुई। रात्री 8:00 बजे संजीव भैया जी के मंगल प्रवचन हुए। विजय कुमार जैन ने जारी विज्ञप्ति में 13 दिसंबर के कार्यक्रमों का विस्तार से उल्लेख किया है आपने बताया है प्राप्त 6:30 बजे से अभिषेक शांति धारा नित्य नियम पूजन तत्पश्चात श्री सिद्ध चक्र मंडल विधान की पूजा एवं सिद्ध भगवानों को 1024 अर्घ्य भक्ति भाव से अर्पित किए जाएंगे। दोपहर 2:30 बजे से निर्यापक मुनि योग सागर जी महाराज ससंघ के पावन सानिध्य में नगर पालिका राघौगढ़ विजयपुर द्वारा घोषित नगर गौरव मुनि निर्लेप सागर मार्ग की लोकार्पण पट्टिका का अनावरण पूर्व मंत्री एवं राघौगढ़ विधायक जयवर्धन सिंह करेंगे। इसी कार्यक्रम में राघौगढ़ में गौशाला प्रारंभ करने की चर्चा की जाएगी। विधान के पुण्यार्जक रावत परिवार द्वारा विधान आयोजन एवं संत सेवा में समर्पित भाव से सेवा देने वाले युवाओं का सम्मान किया जाएगा। विधायक जयवर्धन सिंह जी का जैन समाज राघौगढ़ एवं रावत परिवार द्वारा सम्मान किया जाएगा। शाम 5:30 बजे मुनि संघ के सानिध्य में आचार्य भक्ति रात्री 7:30 बजे आरती भक्ति एवं रात्रि 8:00 बजे बाल ब्रह्मचारी संजीव भैया जी के मंगल प्रवचन होंगे।

## मातृपुरम में हनुमान मंदिर पर गीता स्वाध्याय संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जीव के एक ओर भगवान हैं और एक और संसार है। जब वह भगवान के सम्मुख होता है। तब उसमें दैवी सम्पत्ति आती है और जब वह संसार के सम्मुख होता है तब उसमें आसुरी-सम्पत्ति आती है। मूल दोष - शरीर-संसार की सत्ता और महत्ता स्वीकार करके उससे संबंध जोड़ना । मूल गुण -भगवान की सत्ता और महत्ता स्वीकार करके उनसे संबंध जोड़ना।

उक्त विचार मातृपुरम में संकट मोचन हनुमान मंदिर पर आयोजित विशेष स्वाध्याय में पं मनोज शर्मा ने व्यक्त किया। इस अवसर पर हरिदत्त शर्मा ने कहा कि गीता स्वाध्याय प्रगति पर होगा तो देश भी प्रगति पर होगा । स्वाध्याय के यजमान किरन-बृजभूषण शर्मा, ने सर्वप्रथम गीता का पूजन किया। स्वाध्याय शिक्षक का दायित्व रामसिंह रघुवंशी द्वारा निर्वाह किया गया। स्वाध्याय गीत केशवदास वैरागी ने प्रस्तुत किया।

अमृत वचन में श्रीमती किरण शर्मा ने कहा कि धैर्य का पालन करते हुए इच्छाओं पर अंकुश लगाना चाहिए। सुभाषित प्रस्तुत करते हुए रामावतार गुप्ता ने कहा कि हनुमान ने लंका जाकर सीता जी का पता लगाया। वापस आकर कहा कि श्री राम की कृपा से यह कार्य संपन्न कर पाया। सभी ने सामुहिक रुप से हनुमान चालीसा का पाठ भी किया। गीताजी के सोलहवें अध्याय के प्रथम ग्यारह श्लोकों का स्वाध्याय किया गया। स्वाध्याय में मोहन सिंह रघुवंशी, हेमलता सक्सेना, अनामिका शर्मा, शशशि, महेन्द्र सोनी, रविन्द्र सिंह रघुवंशी,सुधीर सक्सेना सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### साथिया करेंगे किशोर, किशोरियों को स्वास्थ्य के प्रति जागरुक

**गुना** । कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल एवं सीएमएचओ डॉ राजकुमार ऋषिश्वर के निर्देशन में राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत विकासखंड चाचौड़ा अंतर्गत साथिया का चयन किया जा रहा है। जिसमें प्रत्येक आशा कार्यकर्ता के द्वारा दो साथिया का चयन किया जा रहा है। जिसमें एक मेल एवं एक फीमेल होगा। जिनकी ट्रेनिंग उपरांत यह अपनी टोली के किशोर, किशोरियों को किशोर स्वास्थ्य के प्रति जागरुक करेंगे। विकासखंड चांचौड़ा अंतर्गत दक्ष फाउंडेशन की ओर से चार ट्रेनर अल्ताफ खान, पायल माली, दिनेश लोधा, सुनैना सेन के द्वारा संपूर्ण ब्लॉक में आशा एवं आशा कार्यकर्ताओं के सहयोग से साथियों का चयन किया जा रहा है।

# हिंदू सम्मेलन की तैयारियां जोर-शोर से हुई प्रारंभ

**आरोन खंड के अंतर्गत आने वाले 12 मंडलों एवं 4 बस्तियों में आयोजन समितियों का विधिवत गठन किया**

हरिभूमि न्यूज ⏭आरोन

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में 20 दिसंबर 2025 से 20 जनवरी 2026 तक आयोजित होने वाले हिंदू सम्मेलन की तैयारियाँ जोर-शोर से प्रारंभ हो चुकी हैं। इसी क्रम में आरोन खंड के अंतर्गत आने वाले 12 मंडलों एवं 4 बस्तियों में आयोजन समितियों का विधिवत गठन किया गया। इन सभी आयोजन समितियों की संयुक्त बैठक अंबिका मैरिज गार्डन आरोन में सम्पन्न हुई। बैठक के मंच पर प्रमुख रूप से उपस्थित रहे—खंड संघ चालक श्री भगवान लाल जी शर्माप्रांत धर्म जागरण प्रमुख श्री शैलेंद्र तिवारीजिला सह-कार्यवाह श्री वल्लभ किरारबैठक में आगामी हिंदू सम्मेलन की रूपरेखा, कार्ययोजना एवं जनसंपर्क अभियान पर विस्तृत चर्चा की गई। सम्मेलन के निमित्त घर-घर संपर्क के लिए पीले चावल एवं कलश का वितरण आयोजन समितियों को प्रदान किया गया। इन कलशों को बस्तियों एवं ग्रामों के प्रमुख मंदिरों में स्थापित कर विधिवत पूजन-अर्चना की जाएगी। सभी ग्रामों में प्रभात फेरी निकाली जाएंगी और कीर्तन मंडलियों को



हनुमान महाराज का झंडा दिया जाएगा।पूजन पश्चात समितियाँ घर-घर जाकर पीले चावल (पीला अक्षत) वितरित करेंगी और प्रत्येक हिंदू परिवार को आगामी हिंदू सम्मेलन में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने हेतु आमंत्रण दिया जाएगा। जन-जागरण, परिवार संपर्क और सांस्कृतिक जागृति के लिए हिंदू सम्मेलनों का आयोजन किया जा रहा है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष में आयोजित यह हिंदू सम्मेलन समाज को संगठित, जागृत एवं संस्कारित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। समाज को पंच परिवर्तन की दिशा में संगठित करने के लिए पूरे देश हिंदू सम्मेलन का आयोजन नगर, बस्तियों और मंडलों में संपन्न होंगे।

### समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा

## जिले के कई शिक्षकों को क्रमोन्नत वेतनमान आज तक नहीं मिला



हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

मध्यप्रदेश शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष शिवकुमार शर्मा ने कहा कि 12 और 24 वर्ष की सेवा पूर्ण करने वाले शिक्षक शिक्षिकाओं को नियमानुसार क्रमोन्नत वेतनमान का लाभ मिलता है लेकिन जिले में अनेक शिक्षकों को आज भी क्रमोन्नत वेतनमान के लाभ से वंचित है।

तीन माह पूर्व क्रमोन्नति पाने वाले अशोकनगर विकासखंड के शिक्षकों को क्रमोन्नत वेतनमान का लाभ नहीं दिया गया है। जिन शिक्षकों के आदेश त्रुटिपूर्ण थे,उनके संशोधित आदेश जारी नहीं हुए है। ईसागढ़ विकासखंड के 40 से अधिक शिक्षक आज भी क्रमोन्नति आदेश के इंतजार में है। वर्ष 2001 में नियुक्त शिक्षक संवर्ग की प्रक्रिया भी अपूर्ण है।तीन माह से फाइल जमा होने के बाद उन पर कोई कार्यवाही नहीं हुई है और अशोकनगर विकासखंड के 2001 में नियुक्त शिक्षकों की क्रमोन्नति प्रक्रिया हेतु प्रस्ताव आमंत्रित नहीं किए गए है। जिला शिक्षा केंद्र से प्रतिनियुक्ति समाप्ति उपरांत कार्यमुक्त हुए शिक्षक अपनी पदस्थापना हेतु प्रतीक्षारत है। पदस्थापना नहीं होने से अगले माह उनके वेतन आहरण की समस्या उत्पन्न होगी। यदि समय से पदस्थापना हो जाती है तो शालाओं में शिक्षण कार्य में सुविधा होगी। शिक्षक संघ ने मांग की है कि रिक्त पदों की अद्यतन सूची जारी कर,नियमानुसार काउंसलिंग के माध्यम से पदस्थापना की जाए।जिला शिक्षा अधिकारी ने सकारात्मक चर्चा की एवं शीघ्र ही सभी समस्याओं का निराकरण करने का आश्वासन दिया। जिला सचिव महेश भार्गव, जिला कोषाध्यक्ष शांतिलाल परिहार, ब्लॉक अध्यक्ष धर्मेंद्र अरोरा, सुनील शर्मा, श्यामकिशोर शर्मा, उदयपाल साहू, रवि रघुवंशी आदि मौजूद रहे।

## किसान नेताओं पर हमले के विरोध में सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

ओडिशा के क्योंझर ज़लि में ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं संयुक्त किसान मोर्चा एसकेएम के राष्ट्रीय नेता सत्यवान तथा अन्य किसान नेताओं पर हुए कथित हमले, अपहरण और अवैध हिरासत के विरोध में शुक्रवार को एआइकेकेएमएस के प्रतिनिधि मंडल ने जिला कलेक्टर के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में कहा गया कि 9 दिसंबर को राष्ट्रीय नेता सत्यवान एवं साथियों पर कथित रूप से बीजेपी से जुड़े असामाजिक तत्वों द्वारा सशस्त्र हमला किया गया, जिसमें कई किसान नेता घायल हुए और सत्यवान के माथे पर गंभीर चोट आई। हमले के बाद उन्हें जबरन उठाकर तुरुमुंगा थाने ले जाया गया,



जहाँ कथित रूप से पुलिस की मौजूदगी में कई घंटों तक अवैध हिरासत में रखा गया और मोबाइल छीनने का प्रयास किया गया।

एआइकेकेएमएस ने आरोप लगाया कि घटना उस समय हुई जब नेता जिंदल पोस्को प्रतिरोध मंच की आमसभा से लौट रहे थे, जहाँ ग्रामीणों ने अपनी पुश्तैनी जमीन को कॉर्पोरेट कंपनियों को सौंपने से इनकार करते हुए संघर्ष की जानकारी साझा की थी। संगठन ने 26 नवंबर को ग्रामीण नेताओं की देर रात की गई गिरफ्तारियों और झूठे मुकदमों का भी उल्लेख करते हुए कहा कि राज्य में भय का वातावरण बनाया जा रहा है।

### स्कूली बच्चों ने नपा का भ्रमण किया

अशोकनगर। स्कूली बच्चों ने नगरपालिका पहुंचकर शहर की जनता के लिए किए जाने वाले कार्यों की जानकारी ली, और कार्य पद्धति देखी। अशोकनगर। शहर में स्थिति फ्यूचर किड्स प्ले स्कूल के बच्चों के द्वारा फील्ड विजिट के दौरान शुक्रवार को अशोकनगर नगर पालिका कार्यालय का विजिट किया गया। इस अवसर पर सीएमओ विनोद उन्नीतान के द्वारा बच्चों को सभी शाखाओं में ले जाकर किए जा रहे। कार्यों के बारे में जानकारी दी गई एवं बच्चों को सम्पूर्ण कार्यालय का भ्रमण कराया गया। उसके पश्चात सीएमओ द्वारा बच्चों को परिषद हॉल के विजिट कराया गया। बताया गया कि यही परिषद की बैठक आयोजित की जाती है जिसमें शहर के विकास की योजनाएं बनाई जाती हैं। इसके उपरांत सीएमओ द्वारा सभी बच्चों को टॉफी देकर उनका उत्साह वर्धन किया गया एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

## जिला स्तरीय जादू नहीं विज्ञान है, समझना आसान है संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

जिला स्तरीय जादू नहीं विज्ञान है समझना समझना आसान है अंतर्गत विज्ञान मेला संपन्न हुआ। एक दिवसीय जिला स्तरीय प्रदर्शनी का आयोजन शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अशोकनगर में किया गया। जिसमें विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिता में चयनित छात्र-छात्राओं ने भाग लिया इस कार्यक्रम में समाज में व्याप्त अंधविश्वासों को दूर करने हेतु विज्ञान के प्रयोग का प्रदर्शन किया गया।

जिसमें नारियल में आग लगाना, पानी में आग लगाना जैसी विभिन्न गतिविधियां प्रदर्शित की गई। इन गतिविधियों के माध्यम से छात्र-छात्राओं द्वारा समाज को संदेश दिया गया कि विभिन्न व्यक्तियों द्वारा जो चमत्कार प्रदर्शित कर लोगों को ठगने का काम किया जाता है वह असल में विज्ञान के प्रयोग हैं। इनके माध्यम से समाज को इन अंधविश्वासों से दूर रहने हेतु छात्र-छात्राओं द्वारा गतिविधियों का प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनी का शुभारंभ जिला शिक्षा अधिकारी चंद्रशेखर सिसोदिया सहायक संचालक एडीपीसी एनिस जैन एपीसी महेश कुमार साहू ने किया गया। अपने उद्बोधन में जिला शिक्षा अधिकारी चंद्रशेखर सिसोदिया एनिस जैन एवं महेश साहू द्वारा छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से समाज एवं अपने आसपास के लोगोंको जागरूक करने हेतु प्रेत किया प्रेरित किया तथा समाज को इन अंधविश्वासों से दूर रहने हेतु माध्यम बनने का प्रेरणा दी कार्यक्रम में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ईसागढ़ ने प्रथम शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चंदेरी ने द्वितीय कथा तथा पीएम श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया विजेता टीमों को शील्ड प्रमाण पत्र एवं उपहार प्रदान किए गए।

## जिला टॉस्क फोर्स समिति की समीक्षा में सड़क सुरक्षा पर चर्चा कर निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

कलेक्टर आदित्य सिंह की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों की जिला टॉस्क फोर्स समिति की समीक्षा बैठक शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई।




बैठक में कलेक्टैर ने निर्देश दिए कि पुलिस विभाग अंतर्गत गुमशुदगी प्रकरणों के निराकरण पर विशेष ध्यान दिया जाए। जिले के शहरी क्षेत्रों में राजस्व,पुलिस एवं नगरपालिका द्वारा अतिक्रमण हटाये जाने की संयुक्त कार्यवाही की जाए। उन्हों्ने सड़क सुरक्षा के अंतर्गत विशेष घाटियों एवं चयनित स्थंलों पर आवश्यक व्यवस्थाएं की जाए। साथ ही चयनित स्पॉटों पर रिफ्लेक्टर बोर्ड तथा साईन बोर्ड लगवाये जाएं। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित राहवीर योजना अंतर्गत जिले से प्रकरण तैयार किये जाने तथा पात्र राहवीरों को पुरूस्कृत कराये जाने के निर्देश मुख्य चिकित्सालय एवं स्वास्थ्य अधिकारी को दिए। बैठक में खाद नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि पट्रोंल पम्पों एवं गैस एजेंसियों का सतत निरीक्षण किया जाए। वन विभाग की समीक्षा के दौरान वनों की अवैध कटाई, अवैध उत्खनन, अवैध शिकार, भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 4 के लंबित प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए।

उन्होंने वन क्षेत्र में वन समितियों द्वारा बांस रोपण कराये जाने हेतु निर्देशित किया। जिला अभियोजन के अंतर्गत माह नवम्बर में जघन्य एवं सनसनीखेज प्रकरणों की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि विभिन्न न्यायालयों में लंबित प्रकरणों का अधिक से अधिक निराकरण कराना सुनिश्चित करें। विशेष न्यायालय अनुसूचित जाति-जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम तथा पॉक्सों एक्ट के मामलों की समीक्षा कर निराकरण के निर्देश दिए। खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के अंतर्गत औषधि विक्रय संस्थानों का निरीक्षण किये जाने हेतु संबंधित को निर्देशित किया। जिला परिवहन विभाग के अंतर्गत स्कूंल बसों की सघन चेकिंग किये जाने के निर्देश दिए। साथ ही दिव्यांवगजनों के वाहन लायसेंस बनाने हेतु शिविर का आयोजन किये जाने हेतु निर्देशित किया। खाद्य सुरक्षा विभाग के तहत खाद्य पदार्थो का नमूना संग्रहण तथा मिलावट से मुक्ति के संबंध में समीक्षा कर अधिक से अधिक नमूने लिये जाने के निर्देश दिए। साथ ही अपर कलेक्टर न्यायालय द्वारा निर्णीत प्रकरण एवं लंबित प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा की। जल संसाधन, आबकारी तथा खनिज विभाग के प्रकरणों की समीक्षा कर कार्रवाई किये जाने निर्देश दिए गए। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश कुमार जैन, एसडीओपी विवेक शर्मा, संयुक्त कलेक्टर बृजविहारीलाल श्रीवास्त व सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## अवैध शराब के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर**। जिले में अवैध शराब के कई मामले दर्ज किए गए हैं। जिले की चन्देरी पुलिस ने फूलाबाई आदिवासी निवासी बेहटी के पास से 8 लीटर और ईसागढ पुलिस ने बमनावर निवासी देवेन्द्र कुशवाह से 8 लीटर एवं खिरियादेवत निवासी मंगलिया के पास से 7 लीटर तथा पिपरई पुलिस ने ग्राम सिंघाड़ा निवासी रघुवीर अहिरवार के पास से 10 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है।

## जल का महत्व बताते हुए बोरीबंधान से रोका पानी

**अशोकनगर**। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड अशोकनगर की नवांकुर संस्था श्री युगल सरकार श्रीमद् भगवद्गीता स्वाध्याय सेवा समिति और राजपुर सेक्टर की चयनित प्रस्फुटन समितियां राजपुर, फतेहपुर, रेफरी ,महुआलमपुर व आमखेड़ा सूखा के द्वारा गुरुवार को ग्राम राजपुर की नदी पर 60 बोरियों का बोरीबंधान किया गया।

इस गतिविधि में विकासखंड समन्वयक मनोज यादव ने बताया कि जल संचयन अभियान के अंतर्गत कलेक्टर के निर्देशन में



विकासखंड की सक्रिय प्रस्फुटन समितियों द्वारा जीरो बजट पर ग्रामीणों के श्रमदान के माध्यम से बोरीबंधान किया जा रहा है तथा जल की उपयोगिता भी बताई जा रही है। सभी ने बोरी बंधान करते हुए जल बचाओ जीवन बचाओ, जल संरक्षण- जीवन संरक्षण के नारे लगाए। इस गतिविधि में नवांकुर संस्था के अध्यक्ष रामबली यादव, परामर्शदाता बलवीर यादव, दादा भैयालाल यादव, लाखनसिंह सहोदरी, योग शिक्षक धनपाल ,शीलकुमार, नन्हेराजा, लाखनसिंह चोपरा राजपुर प्रस्फुटन समिति के सचिव पवन कुशवाह, कैलाश पालीवाल, गोरेलाल कुशवाह मामा, राकेश कुमार श्रीवास्तव,फतेहपुर समिति के अध्यक्ष राजकुमार कुशवाह ,महुआलमपुर समिति के अध्यक्ष बृजमोहनसिंह यादव ,सचिव नंदराम कुशवाह, अरविन्द प्रजापति, रैपरी समिति के अध्यक्ष इंद्रजीत यादव ,आमखेड़ा समिति के अध्यक्ष पप्पू कुशवाह तथा रोशन कुशवाहा तथा रानी खंडेलवाल सहित विजय कुशवाह,राधेश्याम, मुनेश कुशवाह, रामकृष्ण कुशवाह ग्रामीणों ने सहभागिता की।

## खबर संक्षेप

### राकेश शुक्ला प्रभारी मंत्री का भ्रमण आज

**अशोकनगर।** मध्यप्रदेश शासन के नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री राकेश शुक्ला 13 दिसम्बर 2025 को जिले के भ्रमण पर रहेगें। जारी कार्यक्रम के अनुसार प्रभारी मंत्री 13 दिसम्बर को प्रातः 09 बजे शिवपुरी से अशोकनगर के लिए प्रस्थान कर प्रातः 11 बजे सर्किट हाउस अशोकनगर आयेगें। दोपहर 12 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने पर जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक लेगें। तत्पश्चात एक प्रेस कान्फ्रेंस करेगें। दोपहर 03 बजे अशोकनगर से ग्वालियर के लिए प्रस्थान करेगें।

### शासकीय कार्य में बांधा डालने के दो मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले में शासकीय कार्य में बांधा डालने के दो अलग अलग मामले दर्ज किए गए हैं। जिले के चंदेरी थाने के अंतर्गत वन परिक्षेत्र अधिकारी चंदेरी रेंज रितिका यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि चिरौलीखेडा में पत्थर की खदान जो खाकलोन में है वहां देवेन्द्र, चन्द्रपाल और कलेक्टर यादव ने शासकीय कार्य में बांधा डाली और जान से मारने की धमकी दी। इसी प्रकार जिले के पिपरई थाने के अंतर्गत ग्राम केनवारा निवासी पंचायत सचिव अरविंद यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि संदीप यादव और अमित यादव ने कैनवारा के पंचायत भवन में शासकीय कार्य में बांधा डाली और उससे मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी।

### मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के चन्देरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बांकलपुर निवासी देशराज लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी सलमान, राकेश, बलवीर, पवर्तसिंह, त्रिलोकसिंह लोधी ने फरियादी उसकी पत्नी और भाई के साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के ईसागढ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मढ़ी हवेली निवासी सीताराम यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी जगभानसिंह और रविन्द्र यादव ने उससे मारपीट की राजीनामा का दबाब बनाया और जान से मारने की धमकी दी। जिले के ईसागढ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम आकलोन निवासी रूकमणी लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी सोनू और विनोद परिहार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के नईसरायं थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कडेसरा निवासी हल्कीबाई जाटव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी स्वदेश जाटव, रेखाबाई और फुलियाबाई जाटव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के कदवाया थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पलकाटोरी निवासी गणेशराम कुशवाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी सिरनाम कुशवाह ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से सिरनाम कुशवाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि गणेशराम, हरिओम, गोरेलाल और कमरसिंह कुशवाह ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### भव्य पिच्छिका परिवर्तन समारोह का आयोजन हुआ सम्पन्न

# मुनिश्री के आगमन की थीम पर पिच्छिकाएं समारोह पूर्वक लाई गई





हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

शुक्रवार का दिन अशोकनगर के लिए महत्वपूर्ण दिन था यह दिन इसलिए महत्वपूर्ण है कि यहां एक तो विराजमान जन संतो के लिए पिच्छिका परिवर्तन समारोह का आयोजन किया गया था। दूसरा यहां के सुभाष गंज जैन मंदिर का नए सिरे से निर्माण हो रहा है जिसका भूमिपूजन किया गया। मुनिश्री यहां के त्रिकाल चौबीसी जैन मंदिर पहुंचे जहां विशाल आकार की प्रतिमाओं को देखा। इन सब आयोजनों को लेकर श्रद्धालुओं में अपार उत्साह था, पिच्छिका परिवर्तन समारोह को देखने के लिए आस पास के जिलो के साथ महानगरों से भी श्रद्धालु अशोकनगर पहुंचे थे।

पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव के मौके पर प्रतिदिन होने वाल कार्यक्रमों के बाद दोपहर में 1 बजे पिच्छिका परिवर्तन समारोह का आयोजन किया गया। अशोकनगर का दिगम्बर जैन युवा वर्ग पूरे देश में इस तरह के आयोजन के लिए अपनी विशाल पहचान को लेकर जाना जाता है। तो दूसरा अशोकनगर इसलिए भी अपनी विशिष्ट पहचान रखता है कि देशभर में साधु संतो के लिए जो पिच्छिकाएं प्रदान की जाती हैं उनका निर्माण अशोकनगर में ही युवाओं द्वारा पूरे वर्ष भर किया जाता है। जब पिच्छिका परिवर्तन समारोह का आयोजन अशोकनगर में ही हो तो उसकी भव्यता और विशालता और बढ़ जाती है ऐसा ही सबकुछ आज पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव के पंडाल में देखने को मिला।

#### वर्षों बाद इस तरह का आयोजन शहर में देखने मिला

वर्षों बाद अशोकनगर की धरती पर एक साथ 15 पिच्छीधारी साधु थे, ज्ञात हो कि अशोकनगर में वर्तमान में पुंगव मुनि श्री सुधासागर जी महाराज विराजमान हैं। उनके साथ अब 14 पिच्छी और हैं, संत परम्परा में दिगम्बर जैन दर्शन में साधु अपने हाथ में जो उपकरण लेते हैं उन्हे पिच्छिका कहा जाता है। जिसे साधु वर्ष में एक बार बदलते हैं। इसी आयोजन का नाम पिच्छिका परिवर्तन समारोह होता है। यहां जब पिच्छिका परिवर्तन समारोह का आयोजन हुआ तो लोगों की सांसे थम गईं, पिच्छिकाएं यहां विभिन्न प्रकार से मंच तक लाई गईं। जिसमें अशोकनगर में मुनिश्री की एतिहासिक अगवानी को रेखांकित किया गया था। जिसके अलावा जेसीबी मशीन और हाईड्रोलिक मशीनों के साथ भी जैनेश्वरी दीक्षा का चित्रण भी इस पिच्छिका परिवर्तन समारोह में देखने को मिला।

#### पिच्छिका के पंख इतने कोमल की आंख में भी चले जाए तो कुछ नहीं होताः मुनिश्री



मुनिश्री सुधासागर जी महाराज ने इस मौके पर श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह पिच्छिका हमें जीवन में सयंम धर्म का पालन करने के लिए प्रदान की जाती है। यह पिच्छि मोर के पंखों से बनी होती है जब मोर इन पंखों को छोडता है तब उन पंखों का उपयोग पिच्छि बनाने के रूप में किया जाता है। भगवान श्री कृष्ण भी अपने मस्तष्क पर मोर का पंख सजाते थे। यह पिच्छिका जिन मोर के पंखों से बनी होती है वह इतनी कौमल होती है कि यदि मोर का पंख आंख में भी चला जाए तो उसका कुछ नहीं बिगड़ता।उन्होंने कहा कि पिच्छिका परिवर्तन का आयोजन पूर वर्ष में एक बार होता है। जैन संत के पास एक कमण्डल और एक पिच्छिका उनके उपकरण होते हैं।

#### पिच्छिकाएं समारोह पूर्वक मंच पर लाई गई

यहां पिच्छिकाएं मंच पर पहुंची तो उसके अनावरण का मौका अलग लोगों को मिला। नई पिच्छी देने के लिए अलग लोगों को चुना गया बारी बारी से सभी संघस्थ साधुओं ने मुनिश्री के कर कमलों से नई पिच्छी प्राप्त की। पुरानी पिच्छी लेने का सौभाग्य भी कईं संतों के परिवारजों तो कईं समाज के



श्रेष्ठीजनों को मिला। इस मौके पर जब पूज्य मुनि सुधासागर जी महाराज को पिच्छिका देने का मौका आया तो उक्त पिच्छिकाएं देने के लिए ब्रम्हचारी बहने भी आईं। यह पिच्छिका देने का सौभाग्य पदमकुमार, सौरभकुमार बांझल परिवार को मिला। समाज के अध्यक्ष राकेश कांसल ने उसका अनावरण किया। गुरूवर की पुरानी पिच्छिका लेने का सौभाग्य पंच कल्याणक में बने माता पिता राकेश अमरौद परिवार को मिला।

#### सुभाषगंज जैन मंदिर के नव निर्माण का भूमि पूजन किया गया

यहां 80 वर्ष पुराने सुभाषगंज जैन मंदिर का नए सिरे से निर्माण किया जा रहा है वर्तमान में जितने स्थान पर यह मंदिर था उसके बाद मंदिर से लगे दो और मकान जैन पंचायत द्वारा मंदिर बनाने के लिए क्रय किए गए हैं। जिसके बाद यह मंदिर अब बड़े आकार में निर्मित हो रहा है। इस मंदिर में जो प्रतिमाएं पहले से विराजमान थीं उन प्रतिमाओं को तो विराजमान किया ही जाएगा, इसके अलावा कईं नई प्रतिमाएं बड़े आकार की इस जिनालय में आ रही हैं। जिनकी प्राणप्रतिष्ठा पंच कल्याणक महोत्सव में की जाएगी। उसके पहले मुनिश्री सुधासागर जी महाराज ने प्रतिष्ठाचार्य प्रदीप भैया की उपस्थिति में सुभाषगंज जैन मंदिर का भूमि पूजन किया। जिसके बाद निकट समय में मंदिर का निर्माण किया जाएगा।

#### मुनिश्री त्रिकाल चौबीसी जैन मंदिर पहुंचे

यहां के विश्व प्रसिद्ध श्री शांतिनाथ त्रिकाल चैबीसी जैन मंदिर में भी यह प्रतिमाएं नए सिरे से प्रतिष्ठित कर विराजमान की जा रही हैं। ज्ञात हो कि इस मंदिर का निर्माण मुनिश्री जब 33 वर्ष पहले अशोकनगर आए थे तब किया गया था। अब नए सिरे से मंदिर वही है लेकिन वहां प्रतिमाएं नए आकार आ रही हैं। शुक्रवार को मंदिर में बड़ी प्रतिमाएं पहुंची जिनका मुनिश्री ने अवलोकन किया। यह मंदिर अब आने वाले दिनों में श्रद्धालुओं की आस्था का बड़ा केन्द्र होगा।

### 4 महीने में तीन सौ से ज्यादा प्रकरण लंबित

## जननी को सुरक्षा की राशि नहीं दे पा रहा स्वास्थ्य विभाग



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

बहादुरपुर क्षेत्र में सरकार जननी को सुरक्षा की राशि नहीं दे पा रही है। यह हम नहीं सरकारी अस्पतालों का रिकॉर्ड कहता है। बहादुरपुर के सरकारी अस्पताल में बीते चार माह से जितने भी प्रसव हुए हैं, उन्हें प्रसूति सहायता राशि नहीं मिली है। यह राशि अनमोल पोर्टल के माध्यम से भुगतान की जाती है। भुगतान की प्रक्रिया भी राज्य स्तर से है, स्थानीय स्तर पर केवल पोर्टल पर प्रसूतिका की जानकारी अपलोड करना रहता है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के ऑपरेटर संजीव शर्मा बताते हैं कि उनके पास जैसे ही प्रसूतिकाओं के दस्तावेज आ जाते हैं, वह उन्हें फौरन पोर्टल पर अपलोड कर देते हैं। इसके बाद भी कई प्रसूतिकाएं बीते चार माह से केंद्र के चक्कर काट रही हैं। उन्होंने बताया कि बीते चार माह में लगभग तीन सौ प्रसव इस केंद्र पर हुए हैं। इन्हें किसी प्रकार की कोई राशि नहीं मिली। उन्होंने यह भी बताया कि किसी प्रसूतिका को भुगतान हुआ है या नहीं, इसका अपडेट उनके पास नहीं आता। प्रसूतिका की समग्र आईडी पोर्टल पर डालकर देखना होता है। बहादुरपुर की सपना बाई पत्नी राजा वाल्मीकि ने बताया कि उनका प्रसव बहादुरपुर केंद्र पर करीब चार माह पहले हुआ था, उन्हें अब तक राशि नहीं मिली है। उनके पति ग्राम पंचायत में सफाई कर्मी हैं। बामुश्किल उनका घर खर्च चलता है।

#### संस्थागत प्रसव पर दी जाती है राशि

सरकार द्वारा मातृ शिशु मृत्युदर में कमी लाने के उद्देश्य से संस्थागत प्रसव पर ग्रामीण क्षेत्र में प्रत्येक प्रसूतिका को 1400 रुपए की राशि दी जाने की व्यवस्था की गई है। इस प्रसूतिका को केंद्र तक लाने वाली आशा कार्यकर्ता को भी बतौर प्रोत्साहन 300 रुपए दिए जाते हैं। इसके अलावा प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के तहत पहले प्रसव पर 5 हजार एवं दूसरे प्रसव 6 हजार रुपए दो किश्तों में मिलते हैं। इसके अलावा प्रदेश में श्रमिक प्रसूतिकाओं को 10600 रुपए भी दिए जाते हैं। इन तमाम तरह की राशि से केंद्र की प्रसूतिकाएं बीते चार माह से वंचित हैं।

#### इनका कहना है

हमारे यहां केवल दस्तावेज अपलोड करने की व्यवस्था है। भुगतान राज्य स्तर से ही होता है। इसलिए ज्यादा कोई जानकारी नहीं रहती। किसी ऐप में कोई दिक्कत आ रही है, इसलिए भुगतान रुकने की बात बताई गई है।

**डॉ यशवंत सिंह तोमर**, सेक्टर मेडिकल ऑफिसर, बहादुरपुर

### दयोदय अजमेर जबलपुर एक्सप्रेस ट्रेन के स्टॉपेज की मांग

**शाढौरा।** स्थानीय रेलवे स्टेशन को नगरपरिषद एवं तेहशील मुख्यालय होने के बावजूद भी एक्सप्रेस ट्रेनों के स्टॉपेज से यह शाढौरा स्टेशन मोहताज है। कोरोना काल के पहले रात मे (नाईट) में यात्रियों के लिए सफर करने के लिए एक मात्र साहरा लोकप्रिय कोटा जबलपुर ट्रेन का था जिससे लोग कोटा से जबलपुर के बीच अनेक छोटे-बडे स्टेशनो बीच सफर किया करते थे लेकिन कोरोना काल के बाद से इस ट्रेन का संचालन बंद होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।



## भाजपा पार्षद से मारपीट करने वाले चार आरोपियों पर एफआईआर दर्ज

**शाढ़ौरा।** नगर परिषद शाढ़ौरा के वार्ड क्रमांक 9 पिपरोल, शाढ़ौरा के पार्षद हरिओम कुशवाह के साथ शमशान घाट की जमीनी विवाद को लेकर मारपीट का मामला सामने आया है। हरिओम कुशवाह पार्षद ने बताया कि मेरे वार्ड क्रमांक 9 पिपरोल मैं मरघट साला निर्माण के लिए नगर परिषद शाढ़ौरा से भूमि चिन्हित करने के लिए आवेदन किया था। जिसमें पटवारी द्वारा मुझे मरघट साला निर्माण के लिए सर्वे क्रमांक 188/4-0.105 का रकबा पटवारी द्वारा चिन्हित किया गया था। जिसमें कुछ समय पहले एक्सीडेंट में गोदा कुशवाह की पत्नी वैजयन्ती बाई की मृत्यु हुई थी। जिसका दाह संस्कार मुक्तिधाम की चिन्हित जमीन पिपरोल में परिवार वालों ने किया था। उसी बात को लेकर संजीव रघुवंशी ने पार्षद हरिओम कुशवाह से कहां कि तुमने हमारी जमीन पर लाश क्यों जलवाई। जिसमें हरिओम पार्षद ने बताया कि मैंने नहीं जलवाई उनके परिवार वालों ने मरघट साला वाली जमीन में जलाई है। इसी बात को लेकर संजीव गाली देने लगा और जब मैंने मना किया तो उसने अपने परिवार जन छुट्टी लाल रघुवंशी, दीपक रघुवंशी, मोनू रघुवंशी को बुला लिया और चारों ने मेरी लात घूसों से मुझे मरने लगे जिसमें मेरी गर्दन वा




पीठ पर मुंदी चोट आई है। इस मामले को लेकर पार्षद हरिओम कुशवाह थाना पहुंचे जहां थाना प्रभारी सुनील सिकरवार के समक्ष चार लोग संजीव रघुवंशी, दीपक रघुवंशी, छुट्टी लाल रघुवंशी, मोनू रघुवंशी के खिलाफ बी एन एस 2023 की धारा 296(), 115 (2), 3(5) पर मर्ग कायम कर जांच में लिया है। पार्षद हरिओम कुशवाह के साथ हुई मारपीट की घटना समाज के लिए बहुत ही निंदनीय घटना है जिसको लेकर वार्ड वासी एवं कुशवाह समाज के लोगों में भरी आंखों देखने को मिला है। वही समाज के वरिष्ठ लोगों का कहना है कि जल्द से जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो समाज के लोग एक बड़ा आंदोलन करेंगे।

जहां महिला ने दो बच्चों को जन्म दिया

## हाई रिक्स प्रसूतिका को शाढ़ौरा बीएमओ अपने वाहन से जिला अस्पताल लाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

शुक्रवार को जिला चिकित्सालय में एक हाई रिक्स गर्भवती महिला के सफल प्रबंधन का सराहनीय उदाहरण सामने आया है। ग्राम टकनेरी निवासी पूनम आदिवासी गर्भवती महिला, जिसकी स्थिति जटिल थी उक्त महिला को शाढ़ौरा के बीएमओ डॉ. जयकृत सिंह द्वारा घर पहुंचकर अपने वाहन से जिला अस्पताल में प्रसूती को लाया गया जहां महिला ने 2 बच्चों को जन्म दिया है, दोनो बच्चे पूरी तरह स्वस्थ्य हैं। सीएमएचओ डॉ. अलका त्रिवेदी के निर्देशन में तथा ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. जयकृत सिंह राजपूत के नेतृत्व में शाडोरा स्वास्थ्य टीम द्वारा तत्काल सक्रिय भूमिका निभाते हुए महिला को स्वयं की गाड़ी से सुरक्षित रूप से अस्पताल लाया गया। महिला की स्थिति को देखते हुए तत्काल उच्च स्तरीय चिकित्सकीय जांच एवं आवश्यक उपचार की प्रक्रिया शुरू की गई। इस कार्य में राजस्व विभाग से एसडीएम शुभ्रता त्रिपाठी, महिला एवं बाल विकास विभाग से चंद्रसेना





भिड़े, सुपरवाइज़र संजना शर्मा, स्वास्थ्य विभाग से बीपीएम गणेश बहेरें, सीएचओ से बरीना सिंह ,एएनएम पार्वती भोई, आशा कार्यकर्ता आरती कुर्मी तथा स्वास्थ्य विभाग की पूरी टीम का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। प्रारंभिक आकलन के दौरान यह स्पष्ट हुआ कि गर्भावस्था की जटिलता को देखते हुए महिला को भोपाल रेफर किया जाना आवश्यक है, किंतु मौके पर मौजूद विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं टीम के प्रयासों से तुरंत ऑपरेशन की व्यवस्था की गई। टीमवर्क, सतर्कता और समय पर लिए गए निर्णयों के परिणामस्वरूप उच्च जोखिम वाली इस गर्भवती महिला का सफलतापूर्वक ऑपरेशन कर दो स्वस्थ जुड़वा बेटियों का जन्म दिया गया। प्रसूता (मां) पूर्णतः स्वस्थ है और नवजात शिशुओं की स्थिति भी सामान्य एवं सुरक्षित है। यह सफलता जिला प्रशासन,स्वास्थ्य विभाग, चिकित्सकों एवं सभी सहयोगी अधिकारियों की त्वरित कार्यवाही, समर्पण और बेहतर समन्वय का उत्कृष्ट उदाहरण है।

## 'ईष्या, नफरत, ग्लानि, क्रोध आदि मोहरुपी खलनायक की सेना है'



**ईसागढ।** गुरु और प्रभु का नाम मंगलकारी होता है। इसलिए किसी भी कार्य के प्रारंभ में उनका स्मरण नमन और गुणानुवाद किया जाता है। किसी कार्य के प्रारंभ में भगवान का नमन और गुणानुवाद मंगलाचरण कहलाता है जिनका आचरण सही है उनके चरण पूज्य है और उनका नाम स्मरण ही मंगलाचरण है। यह उपदेश आचार्यश्री निर्भयसागर जी महाराज ने ईसागढ़ से विहार करते हुए भियाखेडी.जिला अशोकनगर में दिए।

उन्होंने कहा कि जो झुकता है वह विनयशील कहलाता है। नमन करते समय झुकना पड़ता है। लेकिन नमन नमन में अन्तर होता है। इसलिए उन्होंने एक दोहा सुनाते हुए कहा 'नमन नमन में फेर है अधिक नये बेईमान दगाबाज दूनो नमो चीता चोर कमान' सही नमन श्रृद्धा भक्ति पूर्वक होता है वही मंगलकारी है। गुरु की संगति से धर्म ग्रंथों के पठन से, प्रभु के ध्यान से अज्ञान, दुख और भय का नाश होता है। गुरु पाप के फल को बताकर शिष्य को भयभीत नहीं करते बल्कि दुखदायी पाप से बचाते हैं और पुण्य का फल बताकर सद्मार्ग में लगाते है आचार्यश्री ने कहा संतों को एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप नहीं लगाना चाहिए। क्योंकि संत समाज का दर्पण होता है। आरोप प्रत्यारोप से संत का आचरण धूमिल हो जाता है। आचार्यश्री ने कहा जीवन में धर्मकथा, आत्मकथा और प्रभुकथा करना चाहिए। निंदा आलोचना और काम वासना की विकथा से वचना चाहिए। उन्होंने कहा नायक और ज्ञायक बनना चाहिए खलनायक नहीं। आत्मा नायक है और मोह खलनायक है। इस मोहरूपी खलनायक की सेना में ईष्या नफरत, ग्लानि, क्रोध, मान, माया आदि अनेक सैनिक है जो अंदर आत्मा में और बाहर संसार में आंतक मचा रहे हैं। धर्म कथा करने से स्वाभिमान जगता है। विकथा सुनने से अभिमान जगता है। कुल जाति पद प्रतिष्ठा और शक्ति पाकर दूसरों को अपमानित करना, नीचा दिखाना, बेज्जती करना अभिमान कहलाता है और जो कुल जाति, पद, प्राप्त करना उसकी गरिमा रखना उसके अनुसार कार्य करना स्वाभिमान कहलाता है।



### दिव्यांगजन एवं वरिष्ठजनों के लिए परीक्षण शिविर सफलतापूर्वक संपन्न


**पिपरई।** शुक्रवार को भारत सरकार की एडिप एवं वरिष्ठजन वयोश्री योजना के अंतर्गत दिव्यांगजन एवं बुजुर्गों को सहायक उपकरण एवं कृत्रिम अंग उपलब्ध कराने हेतु विशाल परीक्षण शिविर का आयोजन पुरानी तहसील प्रांगण में किया गया। यह शिविर प्रातः 10:00 बजे से शाम 06:00 बजे तक संचालित रहा, जिसमें बड़ी संख्या में दिव्यांगजन एवं वरिष्ठ नागरिक परीक्षण के लिए पहुंचे। शिविर में अस्थिबाधित, दृष्टिबाधित, श्रवणबाधित, मानसिक एवं बहुदिव्यांग सहित वयोश्री अंतर्गत वृद्धजनों का परीक्षण किया गया। परीक्षण हेतु जबलपुर से एलिम्को संस्था के विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम विशेष रूप से उपस्थित रही। एलिम्को द्वारा दिव्यांगजन के लिए आवश्यक कृत्रिम उपकरणों का नाप-जोख कर हितग्राहीयों को चिन्हांकित किया गया, जिससे आगामी चरण में उपकरण वितरण किया जा सके। दिव्यांगजन एवं बुजुर्गों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए शिविर में भोजन पैकेट, चाय-पानी, टेंट, बैठने की पर्याप्त व्यवस्था सहित कुल 10 व्हीलचेयर उपलब्ध कराई गई थीं। कर्मचारी लगातार दिव्यांगजन को परीक्षण टेबल तक पहुंचाते रहे, ताकि किसी को भी असुविधा का सामना न करना पड़े। शिविर की व्यवस्थाओं का अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) इसरार खान ने समय-समय पर स्थल पर पहुंचकर निरीक्षण किया और अधिकारियों से आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उनके निरीक्षण से व्यवस्था और अधिक सुव्यवस्थित बनी रही। शिविर में कुल 445 पंजीयन किए गए, जिनमें से 245 हितग्राहीयों को एलिम्को टीम ने उपकरण हेतु चिन्हांकित किया है।

## मनुष्य को शिक्षा देने के लिए हुआ था श्री राम का अवतारः देवमुरारी बापू

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

नईसराय सुरई मैदान में नव दिवसीय श्री राम कथा के तीसरे दिन राम कथा पर प्रवचन देते हुए जगतगुरू आचार्य देवमुरारी बापू ने कहा कि मनुष्य को शिक्षा देने के लिए हुआ था श्री राम का अवतार।

उन्होंने श्री राम जन्म की कथा सुनाते हुए कहा कि परमात्मा का अवतार मनुष्य को शिक्षा देने के लिए होता है साथ में जन्म लेकर वह रावण आदि कुंभकरण मेघनाथ का वध करते हैं यह तीनों राक्षस काम, मोह और अहंकार के प्रतीक है जब तक मनुष्य इन तीनों विकारों को समाप्त नहीं करता है। सही मायने में मनुष्य कहलाने योग्य नहीं है।श्री राम जी ने राजगद्दी पर बैठने से पहले इन सभी पपिया का नाश किया साथी परमात्मा के अनेक जन्मों के कारण



बताते हुए कहा कि जब संत महात्माओं को दुख होता है पृथ्वी पर पाप अत्याचार बढ़ता है और मनुष्य राक्षसी प्रवृत्ति का हो जाता है मात-पिता और गुरु को नहीं मानता है तब परमात्मा का जन्म होता है और मनुष्य को शिक्षा देकर सब मार्ग को प्रशास्त्र करते हैं श्री राम उसी के घर जन्मे लेते हैं जिसके माता-पिता धर्म को धारण करते हैं साधारण बालक तो पापी के घर भी पैदा हो जाता है लेकिन राम ने जन्म लेकर नई परंपरा का निर्वहन किया राम जन्म का कारण बताते हुए कहा मनु और शतरूपा जी इतना बड़ा राज्य छोड़कर वन में तप करने भगवान की शरण में भजन करने के लिए गए। तब श्री राम उनके पुत्र के रूप में जन्म लिए।आज राम जैसा पुत्र तो हर कोई चाहता है लेकिन दशरथ और कौशल्या जैसा आचरण और त्याग किसी दंपति में दिखाई नहीं पड़ता है इसलिए हर और निराशा और दुख झेलना पड़ रहा है श्री राम जन्म की कथा सुना कर बधाइयां गाई गई। श्री राम की आरती उतारी तत्पश्चात कथा को विश्राम दिया। आज कथा के व्यवस्थापक सुरेश रघुवंशी डुंगासरा,पंचम रघुवंशी खजुरिया, सुनील रघुवंशी रुसल्ला,अशोक सिंह रघुवंशी खजुरिया ने रामचरितमानस का पूजन किया एवं आरती उतारी।

कलेक्टर को 90 दिनों में कार्रवाई का आदेश, पिटीशनर्स की शिकायतों पर करें विचार

# ब्यावरा में शासकीय जमीन पर कब्जा मामले में हाईकोर्ट से मिली राहत

## कोर्ट ने भोपाल संभाग के कमिश्नर, कलेक्टर राजगढ़, एसडीएम एवं तहसीलदार ब्यावरा, नगर पालिका ब्यावरा सहित अवैध कब्जाधारी को बनाया पार्टी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

राजगढ़ जिले के ब्यावरा में शासकीय जमीन पर अवैध कब्जे से परेशान लोगों को आखिरकार हाईकोर्ट से राहत मिली है। शहर के रहवासियों ने एक नेता द्वारा सरकारी भूमि पर कब्जे और लगातार धमकाने की घटनाओं को लेकर कई बार एसडीएम और कलेक्टर को शिकायतें की थीं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। मजबूर होकर दो पीड़ितों ने हाईकोर्ट की इंदौर बेंच में रिट पिटीशन दायर की, जिस पर न्यायालय ने गुरुवार को महत्वपूर्ण आदेश जारी करते हुए कलेक्टर को 90 दिनों के भीतर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।



### संबंधित पक्षों को सुनवाई का पूरा अवसर दिया जाना अनिवार्य : हाईकोर्ट

फरियादी नवीन कुमार जाटव और दुर्गाप्रसाद गवली द्वारा दायर रिट पिटीशन नंबर 47575 पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट इंदौर ने कहा कि मामले के तथ्यों को देखते हुए कलेक्टर राजगढ़ (रेस्पोंडेंट नंबर 3) पिटीशनर्स की शिकायतों पर गंभीरता से विचार करें और आदेश की प्रमाणित प्रति मिलने की तिथि से तीन महीने के भीतर कानूनानुसार कार्रवाई करें। कोर्ट ने यह भी निर्देश दिया कि कलेक्टर द्वारा एक तर्कपूर्ण और 'स्पीकिंग ऑर्डर' पारित किया जाए, जिसमें सभी संबंधित पक्षों को सुनवाई का अवसर दिया जाना अनिवार्य होगा।

### भोपाल संभाग कमिश्नर से लेकर नगरपालिका तक को बनाया गया पार्टी

पिटीशनर्स की पैरवी कर रहे एडवोकेट मनीष विजयवर्गीय ने बताया कि ब्यावरा सर्वे नंबर 579 की शासकीय जमीन पर जगदीश पिता प्रेमसिंह पवार, निवासी लसूल्डिया मीना ने सरकारी रास्ते पर कब्जा कर लिया था। कब्जे का विरोध करने पर पिटीशनर्स सहित आसपास के अन्य भूमि मालिकों को धमकाया जा रहा था। मामले की गंभीरता और लंबे समय से प्रशासन द्वारा कार्रवाई न होने के कारण इसे हाईकोर्ट में चुनौती दी गई। पिटीशन में प्रमुख सचिव, मप्र शासन, भोपाल संभाग के कमिश्नर, कलेक्टर राजगढ़, एसडीएम एवं तहसीलदार ब्यावरा, नगर पालिका ब्यावरा सहित अवैध कब्जाधारी को पार्टी बनाया गया था। सभी तथ्यों को देखने के बाद कोर्ट ने स्पष्ट निर्देश दिए कि कलेक्टर निर्धारित अवधि में कार्रवाई सुनिश्चित करे। हाईकोर्ट के इस फैसले के बाद पीड़ितों में उम्मीद जगी है कि वर्षों से लंबित इस विवाद का अब कानूनी समाधान होगा।

डीईओ ने एक हफ्ते में प्रक्रिया पूर्ण करने का दिया आश्वासन

# क्रमोन्नति आदेश जल्द जारी करने डीईओ से मिला प्रतिनिधिमंडल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आदेश जारी किए गए हैं कि ऐसे माध्यमिक शिक्षक जो प्रथम नियुक्ति दिनांक सेवारत हैं, उनके क्रमोन्नति आदेश शीघ्र जारी कर दिए जाएं। लेकिन, राजगढ़ जिले में इस आदेश का पालन नहीं हो रहा है। इसी के संबंध में प्रांतीय शिक्षक संघ पदाधिकारियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को जिला शिक्षाधिकारी करण सिंह भिलाला से भेंट कर उनके सम्मुख पूरी बात रखी। संगठन के प्रदेश महामंत्री रामचरण वर्मा, जिलाध्यक्ष चंदर सिंह तोमर, जिला महासचिव राजकुमार खिंची ने बताया कि जिले में वर्ष 2001 में नियुक्ति संविदा शिक्षक वर्ग-02 के शिक्षक जिन्हें माध्यमिक शिक्षक कहा जाता है उन्हें प्रथम नियुक्ति दिनांक से शासन के निर्देशानुसार 24 वर्ष की सेवा पूर्ण करने पर क्रमोन्नति का लाभ मिलना चाहिए। इसके बावजूद राजगढ़ जिले के माध्यमिक शिक्षकों के प्रस्ताव जिला स्तर से ही कम्प्लीट नहीं हो पाए हैं। ऐसे में सभी ने डीईओ श्री भिलाला से मांग रखी कि इस प्रक्रिया को त्वरित रूप से आगे बढ़ाया जाए।

### एक हफ्ते में पूर्ण कर लेंगे जिला स्तर की प्रक्रिया

प्रतिनिधिमंडल की मांग पर डीईओ ने एक सप्ताह में जिला स्तर से उक्त संबंध में संपूर्ण कार्यवाही पूरा किए जाने का आश्वासन दिया है। डीईओ ने बताया कि इस एक कमेटी भी गठित कर दी गई है। प्रतिनिधिमंडल में बालचंद दांगी, रामबाबू दांगी, अनिल नागर, पुखराज सिंह राठौर, अशोक नागर, कौशल राव, छोटूलाल मालवीय, गोपालदास वर्मा, सौरभ दुबे, हंसराज तेजरा, बालचंद सिंगला, अजय स्वर्णकार, कमल बसोदिया, नारायणसिंह पंवार, अशोक गोस्वामी सहित अन्य उपस्थित थे।

# प्रोटोकॉल को लेकर दिया ज्ञापन

## भूमिपूजन के आमंत्रण पत्र से जिपं अध्यक्ष का नाम नदारत



**सारंगपुर।** जनपद पंचायत के नवीन भवन का भूमि पूजन जनपद पंचायत सारंगपुर की और से किया जा रहा है जिसमें राज्य मंत्री गौतम टेटवाल एवं सांसद रोडमल नागर व जनपद अध्यक्ष देव नागर के नाम अतिथि आमंत्रण पत्र में प्रकाशित हुए हैं, लेकिन जिला पंचायत अध्यक्ष जो कि राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त है। शासकीय कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष चंदर सिंह सोंधिया के नाम का उल्लेख भी होना चाहिए लेकिन जनपद पंचायत सारंगपुर द्वारा इसका उल्लंघन किया गया हैं। इसी को लेकर शुक्रवार को कांग्रेस पार्टी एवं कांग्रेस समर्पित जनपद सदस्यों ने नवीन भवन भूमि पूजन कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष को सा सम्मान कार्यक्रम में आमंत्रित करने एवं संबंधित अधिकारी से जवाब तलब करने के लिए एसडीएम रोहित बम्होरे को ज्ञापन दिया इस दौरान पूर्व विधायक कृष्ण मोहन मालवीय, ब्लाक अध्यक्ष हेमेंद्र सोलंकी, शहर अध्यक्ष आबिद लोदी सहित कांग्रेसी एवं जनपद सदस्य मौजूद थे।

जिपं सभागार में आयोजित हुई शिक्षा विभाग के अधिकारियों की बैठक

# शैक्षणिक सुधार के संबंध में जिपं सीईओ ने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले की समस्त शालाओं में शैक्षणिक सुधार, गुणवत्तापूर्ण मध्यान्ह भोजन, खेल-खेल में शिक्षा सहित शिक्षा संबंधी विभिन्न विषयों को लेकर शुक्रवार दोपहर जिला पंचायत सभागार में बैठक का आयोजन किया गया।

जिपं सीईओ इच्छित गढ़पाले ने उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों, शिक्षकों को निर्देशित किया कि प्रत्येक विद्यालय में सीएससी द्वारा पांच प्रमुख केपीआई गुणवत्ता मापदंडों को पूर्ण करने एक निश्चित तिथि तय की जाए। बैठक में सीईओ श्री गढ़पाले ने शिक्षा के मूल कार्य के अंतर्गत निरंतर भ्रमण के दौरान शालाओं की विभिन्न व्यवस्थाएं, पाठ्यक्रम पूर्णता, गुणवत्तापूर्ण मध्यान भोजन सहित शिक्षा में गुणवत्ता के संबंध में हर संभव प्रयास किए जाने के निर्देश प्रदान किए। उन्होंने राष्ट्रीय परख सर्वे के परिणामों को ब्लॉक स्तर की बैठक में रखकर विकासखंड वार कमजोर लर्निंग आउटकम पर रणनीति बनाकर शालाओ में क्रियान्वयन के निर्देश दिए। इसके साथ ही मध्यान्ह भोजन पर सख्त निर्देश देते हुए शालाओ में बच्चो को गर्म और उत्तम गुणवत्ता का भोजन प्रदाय करने के निर्देश प्रदान किए। इसके साथ ही उन्होंने जिन शालाओं में जिस भी कार्य की आवश्यकता है, उसके प्रस्ताव बनाकर प्रस्तुत करने उपस्थितों को निर्देशित किया।



### शालाओं में स्वच्छता के कार्यों पर डाला प्रकाश

बैठक में स्वच्छत भारत मिशन जिला समन्वयक महेश सौराष्ट्रीय ने जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में घरैलू, संस्थागत, सामुदायिक शौचालयों की स्वच्छता के संबंध में लागू किए गए नवाचारों, कार्यों के बारे में जानकारी प्रदान की। बैठक में डीपीसी, सभी ब्लॉकों के ब्लॉक शिक्षाधिकारी, बीआरसी, बीएसी, जनशिक्षक, पीएम पोषण प्रभारी, मिशन अंकुर एवं पिरामल के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## भैंसवा माता मंदिर की दान पेटी से निकले 9 लाख 54 हजार 550 रु

**सारंगपुर।** भैंसवा माता मंदिर परिसर में स्थित दान पेटी को शुक्रवार को तहसीलदार आकाश शर्मा के आदेशानुसार तथा नायब तहसीलदार गोपाल चौहान, हल्का पटवारी कन्हैयाला फूलेरिया के निर्देशन में एवं मंदिर समिति की उपस्थिति में विधिवत रूप से खोला गया। निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार सर्वप्रथम उपस्थित सदस्यों द्वारा पूजा-अर्चना कर दान पेटी की चाबी निकाली गई। इसके बाद समिति के जिम्मेदार सदस्यों की मौजूदगी में पेटी को खोला गया। दान पेटी से प्राप्त धनराशि को पूरी पारदर्शिता के साथ गिना गया। गिनती कार्य में समिति के प्रतिनिधियों के साथ स्थानीय श्रद्धालु भी उपस्थित रहे। प्राप्त राशि को इसके बाद मंदिर की विकास एवं धार्मिक गतिविधियों में उपयोग हेतु मंदिर समिति के अभिलेख में दर्ज किया गया। समिति सदस्यों ने बताया कि दान पेटी से प्राप्त धनराशि मंदिर के सौंदर्यीकरण, रखरखाव तथा आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए खर्च की जाएगी। इसके साथ ही श्रद्धालुओं द्वारा दिए गए सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

## मुक्तिधाम सेवा समिति की बैठक संपन्न विकास कार्यों पर हुआ विचार-विमर्श



**सारंगपुर।** बाल रूप हनुमान मंदिर, पुराना बस स्टैंड परिसर में बुधवार को मुक्ति धाम सेवा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता समिति अध्यक्ष अनिल बारकिया ने की, वहीं हिन्दू उत्सव समिति के अध्यक्ष ध्रुव भल्ला विशेष रूप से मौजूद रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य स्थानीय मुक्ति धाम में आवश्यक विकास कार्यों की योजना बनाना तथा वर्तमान व्यवस्थाओं में सुधार करना रहा। बैठक में समाजसेवी ओम प्रकाश राठी, अशोक साहू, सुशील व्यास, आशुतोष वेध, सुधीर श्रीमाल, पर्यावरण प्रेमी नंदकिशोर सोनी और रामनारायण टेटवाल, कुमेर सिंह सोलंकी सहित दोनों समितियों के कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे। प्रतिभागियों ने मुक्ति धाम परिसर में साफ-सफाई, हरियाली, मूलभूत सुविधाओं के उन्नयन और आवश्यक मरम्मत कार्यों पर विस्तृत चर्चा की। साथ ही यह भी निर्णय लिया गया कि आने वाले दिनों में सामूहिक सहयोग से मुक्ति धाम को और सुव्यवस्थित तथा श्रद्धालुओं हेतु सुविधाजनक बनाया जाएगा। समिति पदाधिकारियों ने कहा कि मुक्ति धाम नगर का महत्वपूर्ण धार्मिक स्थल है, इसलिए उसके विकास और संरक्षण में सभी नागरिकों को सहयोग के लिए आगे आना चाहिए। बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई।

## तीरंदाजी में खुशी ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया



**कुरावर।** नगर के कृष्ण हाइट्स की छात्रा खुशी पिता रितेश गिरी ने 69 वीं राज्यस्तरीय शालेय फील्ड आर्चरी क्रीड़ा प्रतियोगिता जो कि 6 दिसंबर से 10 दिसंबर तक देवसर सिंगरौली में आयोजित हुई। जिसमें खुशी गिरी ने भोपाल संभाग का प्रतिनिधित्व करते हुए कंपाउंड राउंड में सिल्वर मेडल प्राप्त कर कुरावर नगर एवं राजगढ़ जिले का नाम रोशन किया। कोच विक्रम लववंशी एवं उर्मिला तोमर ने बताया पांच दिवसीय प्रतियोगिता में 8 संभाग से 340 खिलाड़ियों ने भाग लिया। खिलाड़ी खुशी गिरी की इस उपलब्धि पर कृष्णा हाईट्स पब्लिक स्कूल के संचालक पवन अग्रवाल एवं स्कूल प्राचार्य जितेंद्र सिंह कौरव खेल प्रशिक्षक प्रकाश सिंह तोमर राधेश्याम भिलाला एवं सभी कृष्णा हाईट्स शिक्षक परिवार ने शुभकामनाएं दी।

प्रज्ञा भवन में गायत्री परिवार करवा रहा आयोजन

# ब्रह्म मुहुर्त में की गई वेद माता गायत्री की प्राण-प्रतिष्ठा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

स्थानीय गायत्री परिवार द्वारा नगर में चार दिवसीय 24 कुंडीय महायज्ञ एवं मां गायत्री की प्राण-प्रतिष्ठा का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम के प्रथम दिवस निकाली गई कलश के द्वितीय दिवस शुक्रवार को ब्रह्म मुहुर्त में प्रातः 4 बजे वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि-विधान के साथ मां गायत्री की प्राण-प्रतिष्ठा की गई।




प्राण-प्रतिष्ठा के पूर्व देश के अलग-अलग तीर्थों व नदियों से लाए गए जल से मां गायत्री को स्नान करवाया गया। इसके उपरान्त दशविद के तहत भस्म, मिट्टी, गोबर, गौमूत्र, दूध, दही, घी, हल्दी, कुश, शहद एवं पंचामृत से माता की प्रतिमा को स्नान संपन्न हुआ। शांतिकुंज हरिद्वार से आई ब्रहम वादिनी बहनों द्वारा मां गायत्री की प्रतिमा में प्राणों का आव्हान किया एवं प्राण-प्रतिष्ठा पूर्ण होने के उपरान्त परिवार के सदस्यों ने शंख, झालर, मंझीरे बजाकर मां गायत्री की महाआरती की।

### देश में सुख-शांति, समृद्धि की कामना

प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम संपन्न होने के उपरान्त 24 कुंडीय महायज्ञ आरंभ हुआ। इस महायज्ञ में नगर के श्रृद्धालुओं ने संपूर्ण भारत में सुख, शांति और समृद्धि की कामना के साथ आहुतियां अर्पित कीं। इसके साथ ही राष्ट्रीय एकता एवं सेना के पराक्रम के लिए भी यज्ञ वेदी में आहुतियां समर्पित की गईं।

## बाल विवाह मुक्त राजगढ़ के अंतर्गत महाविद्यालय में शपथ ग्रहण संपन्न



**सुठालिया।** शुक्रवार को शासकीय महाविद्यालय में जिला प्रशासन राजगढ़ तथा कार्यालय कलेक्टर महिला एवं बाल विकास के आदेशानुसार बाल विवाह न करने एवं न करने देने संबंधी शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य डॉ व्ही एस बैस ने की। बतौर मुख्य वक्ता संतोष पाठक ने कहा बाल विवाह केवल एक परंपरागत समस्या नहीं, बल्कि बच्चों के भविष्य से जुड़ा गंभीर प्रश्न है। आज ली गई यह शपथ तभी सार्थक होगी जब हम इसे अपने व्यवहार और समाज दोनों में लागू करेंगे। विशिष्ट वक्ता के तौर पर डॉ प्रदीप कुमार ने कहा बाल विवाह समाज की प्रगति में सबसे बड़ा अवरोध है। युवा पीढ़ी को जागरूक करना ही इससे मुक्ति का सर्वोत्तम उपाय है। हमारा महाविद्यालय सदैव सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन हेतु प्रतिबद्ध रहेगा। तत्पश्चात बड़ी संख्या में उपस्थित विद्यार्थियों को डॉ पवन कुमार अहिरवार ने बाल विवाह मुक्त राजगढ़ अभियान अंतर्गत शपथ दिलाई।

# स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

महर्षि पब्लिक हायर सेकंडरी स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी लगाई। इस समारोह में मुख्य अतिथि डॉ. प्रोफेसर रामबाबू गुप्ता भानपुरा वाले, विशेष अतिथि कन्या शाला प्राचार्य देवेंद्र शर्मा, सांदीपनी स्कुल प्राचार्य कैलाश शर्मा , संस्था प्राचार्य दिनेश गुर्जर, डायरेक्टर शिवचरण दांगी, प्राचार्य खारपा राधेश्याम पुरविया, अध्यक्षता संस्था अध्यक्ष दिनेश जमींदार, विशिष्ट अतिथि योगेश भावसार डॉ. बीएल गुर्जर, अजय टेलर, शरद भावसार ने करते हुए सर्वप्रथम मां सरस्वती कि पुजा अर्चना से शुरूआत की जहां पर विधालय की छात्राओं ने स्वागत गीत सरस्वती वंदना प्रस्तुत की।

संस्था प्राचार्य दिनेश गुर्जर ने स्वागत भाषण देते हुए कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु विधालय द्वारा शैक्षणिक गतिविधियों के साथ साथ विभिन्न आयोजन से बच्चों को नई दिशा दी जाती है। आप इन मांडल में जो दर्शाया गया है उनसे सीखें। संचालन शिक्षक दिलीप राठौर ने किया तथा अंत में सभी अतिथियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर बच्चों से बारी बारी से सीधे संवाद किया। इस दौरान विधार्थियों ने कलाकृतियां बनाई उनके प्रयोगों को समझाया जिसमें पानी की बचत कैसे करें, विद्युत का उत्पादन, भारत के विभिन्न प्रांतों में होने वाली प्रमुख खेती फसल एवं उत्पादन पर कक्षा एक से बारहवीं के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न विषयों पर आधारित उत्कृष्ट वैज्ञानिक मॉडल प्रस्तुत किए। बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए हृदय का ब्लड सर्कुलेशन, सौरमंडल, उत्सर्जन तंत्र, विश्व का समुद्री मार्ग, ब्रह्मोस्त्र मिसाइल, टर्बाइन, पवन चक्की, ज्वालामुखी, पर्यावरण, जल शुद्धिकरण, पर्यावरण प्रदूषण इसरो, चंद्रयान-3, ग्रीन हाउस और वेस्ट वाटर ट्रीटमेंट प्लांट जैसे मॉडल तैयार किए। छात्रों ने जो अनुपयोगी वस्तुओं का इस्तेमाल कर रचनात्मक मॉडल बनाए वह एक नई पहल उनकी वैज्ञानिक समझ को दर्शाया बल्कि पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया।

## अय्यापुर बालाजी भक्त मंडल ने हनुमान अष्टमी पर निकाला चल समारोह

**सारंगपुर** । हनुमान अष्टमी के अवसर पर प्रतिवर्ष अनुसार अय्यापुर बालाजी भक्त मंडल सारंगपुर के तत्वावधान में संकट मोचन हनुमान मंदिर ब्लाक कॉलोनी सारंगपुर से भव्य चल समारोहों केसरिया ध्वज के साथ निकाला गया।चल समारोहों सुबह 8.30 बजे से प्रारंभ हुआ जो नगर के मुख्य मार्गो से होता हुआ अय्यापुर बाला जी धाम पहुंचा बाला जी भक्त मंडल विगत छः वर्षों से लगातार आयोजन कर रहा हैं। इस आयोजन में बड़ी संख्या में भक्त हाथ में ध्वज लेकर अय्यापुर बाला जी पहुंचते हैं। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि पृथ्वीराज टेटवाल, हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष ध्रुव भल्ला, नीलेश वर्मा, लोकेश गोस्वामी, विशाल चतराड, नील कमल व्यास, गोलू हाड़ा,अमित पुष्पद, अर्जुन, संजय, राम कौशल, दीपक, परिहार, सतीश, वीरू धनगर, राज, कुणाल, अरुण धनगर सहित भक्त मौजूद थे।

राज्य स्तर पर सम्मानित की गई अभियान से जुड़ी जिले की टीम

# एचआईवी जांचः 95 फीसदी उपलब्धि पर प्रदेश में मिली दूसरी रैंक

**राजगढ़।** स्वास्थ्य के क्षेत्र में राजगढ़ जिले ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है। मध्य प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण समिति द्वारा जारी एचआईवी पॉजिटिविटी की जांच के लक्ष्यों में राजगढ़ जिले की इंटीग्रेटेड काउंसलिंग एंड टेस्टिंग सेंटर टीम निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध 95 प्रतिशत की उपलब्धि दर्ज की है। राजगढ़ जिले को इसके लिए सूबे में दूसरा स्थान मिला है। उत्कृष्ट प्रदर्शन पर राज्य एड्स नियंत्रण समिति द्वारा गत दिवस राजगढ़ की पूरी टीम को सम्मानित किया गया।

नोडल अधिकारी डॉ राजीव हरिऔध ने बताया कि 95 प्रतिशत लक्ष्य हासिल करना टीम के अथक प्रयासों और सटीक रणनीति के चलते संभव हो पाया है। हमारे मैदानी हमले ने जिले के विभिन्न ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में जागरुकता एवं जांच शिविरों का समय-समय पर प्रभावी ढंग से आयोजन करवाया जिसके चलते जांच कवरेज में व्यापक सुधार हुआ है। यह आंकड़ा न केवल जाँच की संख्या को दर्शाता है, बल्कि समय पर पहचान और आवश्यक उपचार के लिए भी आवश्यक है।




### विभाग प्रमुख और सीएस ने की सराहना

जिले की मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शोभा पटेल एवं सिविल सर्जन डॉ. रजनीश शर्मा ने जिले को मिली इस उपलब्धि पर पूरी टीम और नोडल अधिकारी को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि यह राजगढ़ जिले के स्वास्थ्य विभाग के लिए गौरव का क्षण है। जांच में 95 फीसदी की उपलब्धि हासिल कर प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त करना हमारी टीम में शामिल साधना बॉथम, ज्योति मीणा और कौशल पिपलोटिया सहित अन्य की निष्ठा एवं मेहनत का परिणाम है।